प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर | गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

# मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 21, 02 अगस्त से 08 अगस्त , 2026 | मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी



# कुलगाम में आतंकियों का कायराना हमला छत्तीसगढ़ के दो प्रवासी मजदूरों की मौत

कुलगाम



जम्मू-कश्मीर के दक्षिण कश्मीर स्थित कुलगाम जिले के केल्लाम इलाके में आतंकियों ने शुक्रवार 31 जुलाई शाम प्रवासी मजदूरों पर कायराना हमला कर दिया। इस हमले में छत्तीसगढ़ के दो श्रमिकों की जान चली गई। मृतकों की पहचान 24 वर्षीय दीपक रात्रे और 28 वर्षीय भूपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पहले दीपक रात्रे की मौके पर मौत की पुष्टि हुई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल भूपेंद्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और आतंकियों की तलाश में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे केल्लाम क्षेत्र में अचानक गोलियों की आवाज गूंजने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 3 से 4 राउंड फायरिंग हुई। हमले के बाद स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दीपक रात्रे को मृत घोषित कर दिया, जबकि भूपेंद्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घटना के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और अन्य सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। संदिग्ध आतंकियों की तलाश के लिए बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

सुरक्षा एजेंसियों को हमलावरों का जल्द पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए डीजीपी और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने दोषियों के खिलाफ अभियान तेज करने और उन्हें शीघ्र कानून के दायरे में लाने के निर्देश दिए। साथ ही मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बोले— पीड़ित परिवारों के साथ है सरकार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया पर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने इसे बेहद पीड़ादायक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने और प्रभावित परिवारों के संपर्क में रहने के निर्देश भी दिए।

### हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है और मामले की जांच जारी है।

## यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला: कीव पर बरसाईं मिसाइलें और ड्रोन, नौ की मौत

कीव



यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस ने शुक्रवार रात से शनिवार तड़के तक बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़ा हमला किया। अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 नागरिक घायल हुए हैं। कीव के मेयर विताली क्लिचको ने टेलीग्राम पर बताया कि सोलोमियांस्की जिले में पांच मंजिला एक रिहायशी इमारत मलबा गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, बचावकर्मियों ने इमारत की ऊपरी मंजिलों से 35 लोगों को सुरक्षित निकाला। इस इमारत में दो लोगों की मौत हुई, जबकि दो बच्चों सहित आठ लोग घायल हुए हैं। राजधानी के डारनित्स्की जिले में हमले के कारण मकानों, वाहनों, एक प्रशासनिक भवन और अन्य गैर-रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा। राज्य आपातकालीन सेवा के मुताबिक, इस इलाके में सात लोगों की मौत हुई और 14 अन्य घायल हो गए। वहीं, शेवचेंकिव्स्की जिले में आपातकालीन कर्मियों ने एक गैर-रिहायशी इमारत में लगी आग पर काबू पाया। हालांकि, पहले आई उन खबरों पर कोई नई जानकारी नहीं दी गई, जिनमें एक अन्य रिहायशी इमारत में लोगों के फंसे होने की बात कही गई थी। शहर के दो अन्य जिलों में भी व्यावसायिक और रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचने की सूचना है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब दो दिन पहले ही रूस ने पूरे यूक्रेन में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमला किया था। उस हमले में 10 नागरिकों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। वहीं, रूस की एक मिसाइल पोलैंड के हवाई क्षेत्र में भी प्रवेश कर गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की लगातार अमेरिका और अन्य पश्चिमी सहयोगी देशों से पैट्रियट एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली की मांग कर रहे हैं, ताकि रूस के मिसाइल हमलों का प्रभावी जवाब दिया जा सके। शुक्रवार देर रात जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने इसी सप्ताह वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई अपनी बैठक पर भी चर्चा की। जेलेंस्की ने उस बैठक को "सकारात्मक और उपयोगी" बताया। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा, "हमारे देश पर रूस के हवाई हमले लगातार जारी हैं। हवाई रक्षा प्रणाली, विशेष रूप से बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए पैट्रियट सिस्टम के इंटरसेप्टर, हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं।

## सनातन का अपमान बर्दाश्त नहीं... काशी के संतों ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई FIR

काशी



संसद के मानसून सत्र के दौरान संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी के विरोध में किए गए सांकेतिक प्रदर्शन को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रदर्शन के दौरान 'भगवा वेशभूषा' का कथित तौर पर उपहास उड़ाने और सनातन परंपरा के अपमान का आरोप लगाते हुए काशी के संत समाज में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। पातालपुरी मठ के महंत जगद्गुरु बालक देवाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में वाराणसी के वरिष्ठ संतों ने शनिवार को कोतवाली थाने पहुँचकर लिखित तहरीर दी। संतों की शिकायत के आधार पर वाराणसी पुलिस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने समेत संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली थाने में प्रार्थना पत्र सौंपने के बाद जगद्गुरु बालक देवाचार्य और संत समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि भगवा वस्त्र सनातन संस्कृति और त्याग का प्रतीक है। संसद परिसर में जिस तरह से भगवा धारण कर चढ़ावा चोरी का नाटक किया गया और फिर एक-दूसरे पर लांछन लगाया गया, उससे पूरे देश और दुनिया के करोड़ों सनातनियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। संतों का कहना है कि राजनीतिक विरोध जताने के लिए भगवा वस्त्र और धार्मिक प्रतीकों का इस प्रकार अमर्यादित इस्तेमाल पूरी तरह से निंदनीय है। संतों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले में नामजद तीनों नेताओं के खिलाफ निष्पक्ष और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए काशी जोन के पुलिस उपायुक्त (DCP) गौरव बंसवाल ने बताया कि पातालपुरी मठ के जगद्गुरु बालक देवाचार्य जी एवं अन्य संतों द्वारा कोतवाली थाने में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया था।

## पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश में भोगपुरम ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का किया उद्घाटन

आंध्र प्रदेश




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार, 1 अगस्त को आंध्र प्रदेश में एक नए एयरपोर्ट का उद्घाटन कर दिया है। विजयनगरम के भोगपुरम में स्थित 'अल्लूरी सीताराम राजू इंटरनेशनल एयरपोर्ट' को 4,727 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण रिकॉर्ड 31 महीनों में पूरा हुआ है। इस एयरपोर्ट को पहले चरण में हर साल 60 लाख (6 मिलियन) यात्रियों को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके मास्टर प्लान के तहत भविष्य में इसकी क्षमता को बढ़ाकर प्रति वर्ष 4 करोड़ (40 मिलियन) यात्रियों तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने पहले ही कहा था कि यह एयरपोर्ट उत्तर आंध्र क्षेत्र के विकास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा और राज्य के एविएशन सेक्टर में नए युग की शुरूआत करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह करीब 11 बजे एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ इस सुविधा का निरीक्षण किया। इसके बाद पीएम मोदी एक ओपन-टॉप वाहन में सवार होकर जनसभा स्थल की ओर गए, जहाँ 13,500 से अधिक आदिवासी महिलाओं और छात्रों ने पारंपरिक धिम्स नृत्य के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पीएम मोदी ने सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच जनसभा को संबोधित किया और दोपहर 1:10 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरूआती चरण में हर साल 60 लाख यात्रियों को संभालेगा। बाद के चरणों में इसकी क्षमता को और अधिक बढ़ाया जाएगा। आपको बता दें कि इस एयरपोर्ट का विकास कुल तीन चरणों में किया जा रहा है। इस एयरपोर्ट में 3,800 मीटर लंबा कोड 4ई रनवे बनाया गया है।

## केरल में मौसम का रेड अलर्ट बारिश-भूस्खलन से छह की मौत

तिरुवनंतपुरम



शनिवार को केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे भूस्खलन हुआ, निचले इलाकों में पानी भर गया और नदियों व बांधों का जलस्तर बढ़ गया। इसके चलते अधिकारियों को प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर बचाव और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम शुरू करना पड़ा। इडुक्की, कोट्टायम और पथानमथिट्टा जिलों में अलग-अलग भूस्खलन की घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोगों को बचाया गया। हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित जिलों में बड़े पैमाने पर बचाव और राहत अभियान शुरू कर दिया है। सबसे अधिक नुकसान मध्य और पहाड़ी जिलों में देखने को मिला है। इडुक्की, कोट्टायम, पथानमिट्टा और कोझिकोड जिलों में स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है।

इडुक्की और कोट्टायमः इडुक्की के कुदायथूर के पास अडूरमाला में भूस्खलन की चपेट में आने से सुमति (65) नामक महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति और बेटा घायल हो गए। वहीं, कोट्टायम के पूंजर और वागामोन क्षेत्रों में भी भूस्खलन से जनहानि की खबर है।

पथानमिट्टा और पम्पा नदी का उफानः पम्पा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से रन्नी, कोझेनचेरी और अरणमुला के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं और मुख्य मार्गों से संपर्क कट गया है। फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए प्रशासन ने विशेष नौकाएं तैनात की हैं। कोझिकोड के अनाक्कमपॉयल क्षेत्र में पिछले 35 घंटों में 340 मिलीमीटर और वायनाड के मेप्पाडी में 177 मिलीमीटर भारी बारिश दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा की है और प्रभावित जिलों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। राज्य भर में कुल 65 राहत शिविर खोले गए हैं, जिनमें वर्तमान में 1,465 लोगों को सुरक्षित आश्रय दिया गया है। जरूरत पड़ने पर और अधिक लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर स्थानांतरित करने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में 17 मकान पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं, जबकि 127 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। कोट्टायम के पाला में एक पोल्ट्री फार्म में पानी घुसने से लगभग 2,500 मुर्गियों की मौत हो गई। सरकार ने घोषणा की है कि आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों, घर खोने वाले परिवारों और अपनी आजीविका गंवा चुके किसानों व व्यापारियों को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। घायलों के मुफ्त और बेहतरीन इलाज के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सीधे मैदान में उतरने का निर्देश दिया है।

## दो दिवसीय स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय विचार वर्ग का एटा में भव्य शुभारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**एटा।** शनिवार को एटा में सरस्वती शिशु मंदिर के विशाल सभागार में स्वदेशी जागरण मंच का प्रांतीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए क्षेत्र संयोजक डॉ अमिटेश अमित, प्रांत संयोजक मनोज अग्रवाल राया वाले,विभाग संयोजक उमाकांत तिवारी ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर और भारत माता और राष्ट्र ऋषि ठेंगड़ी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत आरंभ हुआ । प्रांतीय वर्ग में ब्रज प्रांत के 12जिलों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन प्रथम सत्र में स्वदेशी आंदोलन और उसकी भूमिका पर उमाशंकर तिवारी जी ने प्रकाश डाला और डॉ अमितेश अमित जी ने भूमिका रखी। विचार वर्ग के दूसरे सत्र में मनोज अग्रवाल ने राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना के इतिहास पर चर्चा की ।अमितेश अमित जी ने मैं हूं स्वदेशी आंदोलन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कल वर्ग के दूसरे दिन अखिल भारतीय सह -संयोजक डॉ राजीव कुमार जी का विचार हम सभी को प्राप्त होगा। विचार वर्ग में सभी ने चर्चा वार्ता में अपने विचार रखे।

## हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा; खड़े ट्रक से टकराई कार, ढाई साल के मासूम समेत दो की मौत

हरदोई




गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पचदेवरा थाना क्षेत्र के फत्तेपुर के पास कट संख्या 270-71 पर खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रही अनियंत्रित कार जा घुसी। भीषण हादसे में कार सवार ढाई साल के मासूम बच्चे और कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक का शव कार को काटकर बाहर निकालना पड़ा। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से प्रतापगढ़ के रानीगंज निवासी जटाशंकर (63) अपने परिवार के साथ दिल्ली के सेक्टर 59 में रहते हैं। प्रतापगढ़ में एक रिश्तेदार के निधन की सूचना पर वह शनिवार को किराए की अर्टिगा कार से अपने दामाद आलोक मिश्रा (36), बेटी पूजा मिश्रा (31) और ढाई वर्ष के नाती आदबिक के साथ दिल्ली से प्रतापगढ़ लौट रहे थे। गाड़ी अयोध्या निवासी पवन शुक्ला (40) चला रहा था। शनिवार सुबह करीब 9 बजे जब कार पचदेवरा थाना क्षेत्र के फत्तेपुर स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पर कट 270-71 के पास पहुंची, तभी किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ढाई साल के मासूम आदबिक और चालक पवन शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जटाशंकर, आलोक और पूजा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार को कटवाकर चालक के शव को बाहर निकाला। आनन-फानन में सभी घायलों और मृतकों को एंबुलेंस से पाली पीएचसी भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर कर दिया गया।

## यूपी: अगस्त और सितंबर में जुलाई से भी कम हो सकती है प्रदेश में बारिश, बढ़ सकता है अधिकतम और न्यूनतम तापमान

लखनऊ



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के दूसरे चरण (अगस्त-सितंबर) के लिए वर्षा और तापमान का पूवार्नुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार,अगस्त और सितंबर के दौरान प्रदेश सहित देश भर में सामान्य से कम बारिश का आसार है। वर्षा दीर्घकालिक औसत के 94 प्रतिशत से कम रहने की संभावना है। इसकी वजह से अधिकांश हिस्सों में बारिश कम हो सकती है। हालांकि, उत्तरी हिस्सों और पूर्वी व पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद है। अगस्त महीने के दौरान भी कुल बारिश सामान्य से कम रहने का अनुमान है। पूर्वोत्तर के सीमित इलाकों को छोड़कर ज्यादातर जगहों पर बारिश की कमी महसूस की जा सकती है। इसकी वजह से अधिकांश हिस्सों में अगस्त के दौरान मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। केवल उत्तर-पश्चिम व मध्य के कुछ हिस्सों और उससे सटे प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में यह सामान्य या उससे कम हो सकता है। देश के ज्यादातर हिस्सों में रात का औसत तापमान (न्यूनतम तापमान) सामान्य या सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के जिलों में आज बारिश हो सकती है, जबकि मध्य और अवध के क्षेत्रों में आसमान में बादल छाए हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, राज्य के एक बड़े हिस्से में हल्की से मध्यम बारिश, आकाशीय बिजली चमकने और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। विभाग ने विशेष रूप से सोनभद्र, आजमगढ़, मऊ तथा इनके आसपास के इलाकों के लिए चेतावनी जारी की है। वहीं कुछ अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम वर्षा के साथ आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। पूर्वांचल व मध्य यूपी से जुड़े सोनभद्र, मिजार्पुर, प्रयागराज, संत रविदास नगर, जौनपुर, बलिया, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, देवरिया, अयोध्या और गोरखपुर में बारिश की संभावना है। वहीं पश्चिमी यूपी व तराई क्षेत्रों जैसे इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, हाथरस, मथुरा, कासगंज, कन्नौज, फरुर्खाबाद, बहराइच, गोंडा, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत और अलीगढ़ में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है।

## सीमा से सटे श्रीगंगानगर में नकली आर्मी यूनिफॉर्म का बड़ा खेल, इंटेलिजेंस ने 1000 मीटर कपड़ा पकड़ा

श्री गंगानगर



पाकिस्तान सीमा से सटे संवेदनशील जिले श्रीगंगानगर में आर्मी इंटेलिजेंस की सूचना पर पुलिस ने आम लोगों के लिए प्रतिबंधित सेना की नई डिजिटल पैटर्न कॉम्बैट यूनिफॉर्म के नकली कपड़े की अवैध बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

संयुक्त छापेमारी में सेना की कॉम्बैट यूनिफॉर्म से मिलता-जुलता कपड़ा, जूते, फीते, टोपी और सेना से जुड़े अन्य सामान जब्त किए गए। प्रारंभिक कार्रवाई में 1000 मीटर से अधिक प्रतिबंधित पैटर्न का कपड़ा बरामद हुआ है। कोतवाली पुलिस और आर्मी इंटेलिजेंस ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित करीब एक दर्जन दुकानों पर संयुक्त कार्रवाई की। स्वतंत्रता दिवस से पहले किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी तेजवंत सिंह बराड़ ने बताया कि आर्मी इंटेलिजेंस से लगातार सूचना मिल रही थी कि शहर की कई दुकानों पर प्रतिबंधित डिजिटल पैटर्न वाली सेना की कॉम्बैट यूनिफॉर्म का नकली कपड़ा बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस और आर्मी इंटेलिजेंस ने संयुक्त छापेमारी कर बड़ी मात्रा में संदिग्ध सामग्री जब्त की। मामले की जांच जारी है।

कार्रवाई के दौरान अपना आर्मी टेलर्स, जय भोले आर्मी स्टोर, आरडी आर्मी स्टोर, पंजाबी आर्मी टेलर्स, चरण आर्मी टेलर, श्री प्रयाग आर्मी स्टोर, कुक्कड़ आर्मी स्टोर, राज आर्मी स्टोर और जेएमडी आर्मी टेलर सहित कई दुकानों पर छापेमारी की गई।

## सम्पादकीय

# परमाणु आत्मनिर्भरता: भारत की सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत और वैश्विक नेतृत्व की नई नींव

ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आज केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता का भी आधार बन चुकी है। बदलती वैश्विक राजनीति, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर बढ़ती निर्भरता ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन देशों के पास अपनी तकनीक और उत्पादन क्षमता है, वही भविष्य की वैश्विक व्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में पिछले सात दशकों में ऐसी ही क्षमता विकसित की है। मगर प्रश्न यह है कि क्या देश अपनी इस उपलब्धि को नीति-निर्माण के केंद्र में रख पा रहा है या विदेशी तकनीक का आकर्षण अभी भी स्वदेशी आत्मविश्वास पर भारी पड़ रहा है? यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भारत की परमाणु यात्रा सामान्य नहीं रही। दुनिया के अधिकतर देशों ने जहां विकसित तकनीक के सहारे अपने परमाणु कार्यक्रम शुरू किए, वहीं भारत को लंबे समय तक तकनीकी प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव का सामना करना पड़ा। वर्ष 1974 के पोखरण परीक्षण के बाद और विशेष रूप से 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए गए। परमाणु ईंधन, उन्नत उपकरणों और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों तक पहुंच लगभग बंद हो गई। उस समय यह माना गया कि भारत का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय तक पिछड़ जाएगा, लेकिन भारतीय वैज्ञानिकों ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, परमाणु ऊर्जा आयोग और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने सार्वजनिक और निजी उद्योगों के सहयोग से धीरे-धीरे ऐसी तकनीक विकसित की, जिसने विदेशी निर्भरता को काफी हद तक समाप्त कर दिया। रिएक्टरों के डिजाइन से लेकर भारी उपकरणों, नियंत्रण प्रणालियों और सुरक्षा तंत्र तक भारत ने अपनी क्षमता विकसित की। वर्ष 2008 के भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते ने भारत को वैश्विक परमाणु व्यापार व्यवस्था में सम्मानजनक स्थान दिलाया और यूरेनियम आयात का मार्ग खोला। इससे उन परमाणु बिजलीघरों को राहत मिली जो ईंधन की कमी के कारण अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे थे। मगर इस समझौते की एक ऐसी व्याख्या भी सामने आई, जिसमें यह मान लिया गया कि अब भारत को बड़े पैमाने पर विदेशी परमाणु संयंत्रों और तकनीकों पर निर्भर होना चाहिए। सवाल है कि किसी देश ने कठिन परिस्थितियों में विश्वस्तरीय घरेलू तकनीक विकसित कर ली हो, तो क्या उसकी प्राथमिकता उसी क्षमता का विस्तार नहीं होनी चाहिए। भारत के स्वदेशी प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर आज विश्व के सबसे किफायती परमाणु संयंत्रों में गिने जाते हैं। देश 700 मेगावाट क्षमता वाले आधुनिक रिएक्टरों का निर्माण कर रहा है और आगे उनकी संख्या बढ़ाने की योजना भी है। ऊर्जा क्षेत्र में लागत का बहुत महत्व होता है। किसी परियोजना की व्यावहारिकता केवल उसकी तकनीकी श्रेष्ठता से तय नहीं होती, बल्कि इस बात से भी होती है कि वह कितनी किफायती है और उसके संचालन पर भविष्य में कितना व्यय होगा। यदि भारत कम लागत में सुरक्षित और विश्वसनीय परमाणु संयंत्र बना सकता है, तो यह केवल घरेलू आवश्यकता की पूर्ति का माध्यम नहीं, बल्कि वैश्विक अवसर भी है। आने वाले वर्षों में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के अनेक देशों को स्वच्छ और निरंतर ऊर्जा की आवश्यकता होगी। भारत उनके लिए एक विश्वसनीय तकनीकी साझेदार बन सकता है। इसी संदर्भ में हाल में तमिलनाडु स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना से जुड़े दस्तावेजों के कथित डेटा लीक की घटना ने एक नया सवाल खड़ा किया है।


सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

# बहनः संस्कृति, संवेदना और सशक्त भारत की आधारशिला

### राष्ट्रीय बहन दिवस, 2 अगस्त 2026 और बेटी तेरापंथ की सम्मेलन पर विशेष

ललित गर्ग






रिश्तों की दुनिया में यदि कोई संबंध निस्वार्थ प्रेम, आत्मीयता, विश्वास, त्याग और आजीवन साथ का सबसे सुंदर उदाहरण है, तो वह बहन का रिश्ता है। बहन केवल परिवार की सदस्य नहीं होती, वह घर की संवेदना, संस्कारों की संरक्षिका, परिवार की आत्मा और समाज की मानवीय चेतना की वाहक होती है। राष्ट्रीय बहन दिवस इसी अनुपम रिश्ते के सम्मान, उसकी गरिमा और उसके जीवनदायी योगदान को स्मरण करने का अवसर है। प्रत्येक वर्ष अगस्त के प्रथम रविवार को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि यदि परिवारों में बहनों का स्नेह और संस्कार जीवित रहेंगे, तभी समाज में समरसता और राष्ट्र में मानवीय मूल्यों की धारा प्रवाहित होती रहेगी।

आज जब भौतिकता, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली रिश्तों की ऊष्मा को चुनौती दे रही है, तब राष्ट्रीय बहन दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस अमूल्य परंपरा का पुनर्स्मरण है, जहाँ नारी को परिवार की धुरी, संस्कृति की संवाहिका और भविष्य की निमार्ता माना गया है। बहन का व्यक्तित्व केवल अपने भाई या परिवार तक सीमित नहीं रहता, वह आने वाली पीढ़ियों के संस्कारों का निर्माण करती है। उसके व्यक्तित्व में करुणा, सहनशीलता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुण समाज को मानवीय बनाते हैं। इसी व्यापक दृष्टि को साकार करने की दिशा में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा 1 अगस्त 2026 को जैन विश्व भारती, लाडनूं में राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमणजी की मंगल सन्निधि में आयोजित बेटी तेरापंथ की चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी अध्याय बनकर उभरा। राष्ट्रीय बहन दिवस की भावना के अनुरूप आयोजित यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि नारी चेतना, बहन संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों के पुनर्जागरण का सशक्त अभियान था। देश के विभिन्न राज्यों से हजारों बेटियों और बहनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय नारी केवल परिवर्तन की साक्षी नहीं, बल्कि परिवर्तन की सबसे बड़ी वाहक है। सम्मेलन में उपस्थित प्रत्येक बेटी और बहन अपने साथ केवल उत्साह नहीं लाई थी, बल्कि संस्कार, सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक नया संकल्प लेकर आई थी। यह दृश्य भारतीय संस्कृति के उस उज्ज्वल भविष्य का संकेत था, जिसमें नारी केवल सम्मान की पात्र नहीं, बल्कि समाज-निर्माण की सक्रिय भागीदार है। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहाँ नारी सशक्तिकरण को केवल अधिकारों की भाषा में नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, संस्कार, नेतृत्व और आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ा गया। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वास्तविक सशक्तिकरण वही है जो व्यक्ति को आत्मविश्वासी बनाए, परिवार को सुदृढ़ करे, समाज को संगठित करे और राष्ट्र को ऊँचाइयों तक ले जाए।

राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमणजी के प्रेरणादायी सान्निध्य ने इस सम्मेलन को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। आचार्यश्री का संपूर्ण जीवन नारी गरिमा, नैतिक मूल्यों, शिक्षा, आत्मानुशासन और मानवीय चेतना के विकास के लिए समर्पित रहा है। उनके मार्गदर्शन में चल रहे अनेक कार्यक्रमों ने समाज में यह विश्वास जगाया है कि नारी केवल घर की शक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के चरित्र निर्माण की आधारशिला है। उनके संदेशों में बार-बार यह भाव उभरता है कि यदि नारी शिक्षित, संस्कारित, आत्मविश्वासी और मूल्यनिष्ठ होगी तो परिवार, समाज और राष्ट्र स्वयं सुदृढ़ बन जाएगा। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष श्री महेंद्र नाहटा ने अत्यंत सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी के बिना राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। जिस समाज ने अपनी बेटियों और बहनों को अवसर, सम्मान और संस्कार दिए हैं, वही समाज स्थायी विकास की दिशा में आगे बढ़ा है। आचार्य श्री महाश्रमणजी के मार्गदर्शन में चल रहे नारी उत्थान के विविध कार्यक्रम केवल महिलाओं को सशक्त नहीं बना रहे, बल्कि पूरे समाज में नैतिक जागरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आधार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेटी तेरापंथ की केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि ऐसी वैचारिक यात्रा है जो बेटियों और बहनों को आत्मगौरव, नेतृत्व, सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ रही है। वास्तव में भारत की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है और भारतीय संस्कृति का सबसे सुंदर स्वरूप उसके पारिवारिक संबंधों में दिखाई देता है। बहन का रिश्ता केवल राखी के धागे तक सीमित नहीं है, वह विश्वास, सहयोग, प्रेरणा और नैतिक शक्ति का ऐसा सूत्र है जो परिवारों को टूटने नहीं देता। यदि हर बेटी अपने संस्कारों से एक परिवार को प्रकाशित करती है, तो हर बहन अपने व्यवहार से समाज में संवेदनाओं का विस्तार करती है। आज आवश्यकता केवल महिलाओं को अवसर देने की नहीं, बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया, सामाजिक नेतृत्व, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रीय विकास के केंद्र में स्थापित करने की है। जब बेटियां शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता और आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध होंगी, तभी भारत विश्वगुरु बनने की अपनी कल्पना को वास्तविकता में बदल सकेगा। आर्थिक विकास महत्वपूर्ण है, परंतु नैतिक विकास उसके बिना अधूरा है। और इस नैतिक विकास की सबसे बड़ी वाहक हमारी बेटियां और बहनें ही हैं।

राष्ट्रीय बहन दिवस का वास्तविक संदेश भी यही है कि हम बहनों को केवल शुभकामनाएँ देकर अपने दायित्व की इतिश्री न समझें, बल्कि उन्हें शिक्षा, सम्मान, समान अवसर, सुरक्षा और नेतृत्व के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें। परिवारों में बेटियों को निर्णय लेने का अवसर मिले, समाज में उनकी प्रतिभा को मंच मिले और राष्ट्र उन्हें विकास की साझेदार बनाएकृयही इस दिवस की सार्थकता है। बेटी तेरापंथ की सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब धार्मिक संस्कार, सामाजिक चेतना और आधुनिक नेतृत्व एक साथ चलते हैं, तब परिवर्तन केवल विचारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जीवन का आंदोलन बन जाता है। यह सम्मेलन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा और यह संदेश देता रहेगा कि बहन केवल रिश्ते का नाम नहीं, बल्कि संस्कृति की सबसे सशक्त प्रतिनिधि है।

भारतीय संस्कृति में बहन केवल एक पारिवारिक संबंध नहीं, बल्कि स्नेह, त्याग, मयार्दा, ममता और मंगलकामना की सजीव प्रतिमूर्ति मानी गई है। उसे घर की लक्ष्मी, कुल की गरिमा, संस्कारों की वाहक, प्रेम की पावन धारा और परिवार की आत्मीय शक्ति के रूप में सम्मानित किया गया है। बहन का स्नेह निःस्वार्थ होता है, उसका आशीर्वाद अमूल्य होता है और उसका विश्वास जीवन के कठिनतम क्षणों में भी संबल प्रदान करता है। वह भाई के जीवन में प्रेरणा, संवेदना, करुणा और आत्मीयता का ऐसा स्रोत है, जो रिश्तों को केवल रक्त से नहीं, बल्कि हृदय के अटूट बंधन से जोड़ता है। भारतीय परंपरा में बहन को शुभता, सौभाग्य, वात्सल्य और संरक्षण का प्रतीक माना गया है। रक्षाबंधन एवसं भाईदूज जैसे पावन पर्व इस पवित्र संबंध की गरिमा को और अधिक ऊँचा उठाते हैं, जहाँ बहन केवल रक्षा का सूत्र नहीं बाँधती, बल्कि अपने प्रेम, विश्वास और मंगलकामनाओं से भाई के जीवन को आलोकित करती है। बहन परिवार की संस्कृति की संवाहिका, मूल्यों की संरक्षिका और स्नेह की अविरल सरिता है। उसके सम्मान में जितने भी विशेषण कहे जाएँ, वे कम हैं, क्योंकि बहन वास्तव में ईश्वर की वह अनुपम देन है, जो जीवन को प्रेम, अपनत्व, संवेदना और पवित्रता से समृद्ध कर देती है। आज राष्ट्रीय बहन दिवस पर संपूर्ण राष्ट्र को यह संकल्प लेना चाहिए कि हर बेटी को सम्मान मिलेगा, हर बहन को अवसर मिलेगा और हर नारी को उसके व्यक्तित्व की पूर्ण अभिव्यक्ति का अधिकार मिलेगा। यही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव होगी। जिस दिन भारत की प्रत्येक बेटी आत्मविश्वास, संस्कार और नेतृत्व के साथ आगे बढ़ेगी, उसी दिन राष्ट्र की प्रगति नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगी। बहन का सम्मान केवल एक दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। क्योंकि जहाँ बहनों का सम्मान होता है, वहाँ परिवारों में संस्कार खिलते हैं, समाज में संवेदनाएँ जीवित रहती हैं और राष्ट्र अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। यही राष्ट्रीय बहन दिवस का संदेश है, यही बेटी तेरापंथ की सम्मेलन की उपलब्धि है और यही नए भारत के निर्माण का सबसे सशक्त मार्ग भी है।

# प्रियंका द्वारा गौमूत्र का उपहास कांग्रेस की हिन्दू विरोधी मानसिकता

राकेश सैन

कांग्रेस पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी की योग्यता का जिक्र करते हुए अकसर राजनीतिक विश्लेषक एक बात का अवश्य जिक्र करते हैं कि उनकी छवि, विशेषकर नाक अपनी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी से मिलती है। लेकिन अब दोनों दादी-पोतियों का एक और समान गुण सामने आया है, इंदिरा गांधी ने 7 नवम्बर, 1966 को संसद भवन के सामने हजारों गोभक्तों पर गोलियां चलवाईं थी और लगभग उसी मानसिकता का परिचय देते हुए अब प्रियंका वाड्रा गांधी ने संसद के भीतर गोमूत्र का उपहास उड़ाया है। शर्मनाक बात है कि जब प्रियंका इस तरह का दुष्कर्म कर रही थी तो विपक्षी बैंचों पर बैठे कांग्रेसी सांसद भी खिलखिला रहे थे। हिन्दू विरोध से उपजी कांग्रेसियों की यह हंसी कौरवसभा में द्रौपदी चीरहरण के समय कपटी दुर्योधन द्वारा लगाए गए अट्टाहस की तरह हर हिन्दू के मनों को बींध गई।

संसद में मंगलवार को उस समय काफी हंगामा मचा जब प्रियंका वाड्रा ने पेपर लीक मामले पर सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी में शामिल एक सदस्य की योग्यता उनके गोमूत्र विशेषज्ञ होने को बताई। लोकसभा में शिक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार द्वारा पेपर लीक को लेकर गठित उच्च स्तरीय कार्यबल पर तंज कसते हुए कहा कि इसमें एक गौमूत्र विशेषज्ञ भी शामिल हैं। हालांकि चर्चा के दौरान प्रियंका गांधी ने किसी का नाम नहीं लिया। लेकिन उनका इशारा आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामाकोटि की ओर माना जा रहा है, जो इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली इस टास्क फोर्स का हिस्सा हैं। 2025 में प्रो. कामाकोटि ने दावा किया था कि गोमूत्र में एंटीबैक्टीरियल और पाचन संबंधी गुण होते हैं। प्रो. वी. कामकोटि देश के जाने-माने वैज्ञानिक हैं। जनवरी, 2025 को चेन्नई की एक गौशाला में माटू पोंगल कार्यक्रम में बोलते हुए, कामकोटी ने देशी गाय और जैविक खेती के बारे में कहा। इस दौरान उन्होंने बताया कि गाय के मूत्र में जीवाणुरोधी, कवकरोधी और पाचन सम्बन्धी गुण होते हैं। उन्होंने एक तपस्वी से जुड़ी कहानी भी साझा की, जिन्होंने गौमूत्र पीकर अपना बुखार ठीक कर लिया था। इस ब्यान के कारण उस समय भी प्रो. कामकोटि वामपंथी व जिहादी ताकतों के निशाने पर आ गए थे और प्रियंका ने भी अब उन जख्मों को पुनः कुरेद दिया है। गोमूत्र का उपहास उड़ाने वालों को जानना चाहिए कि हिन्दू धर्म में कोई भी विश्वास अवैज्ञानिक नहीं हैं, गोमूत्र के औषधीय गुण विज्ञान द्वारा प्रमाणित हैं। भारत के वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नागपुर के गोविज्ञान अनुसंधान केंद्र के सहयोग से किए गए शोध पर आधारित गोमूत्र के गुणों को अमेरिकी पेटेंट मिल चुका है। गोमूत्र के अर्क पर पहला महत्वपूर्ण अमेरिकी पेटेंट (नंबर 6410059) एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं के असर को बढ़ाने के लिए 2002 में मिला था। इसके बाद कैंसर रोधी दवाओं के प्रभाव को तेज करने और डीएनए सुरक्षा से जुड़े अन्य पेटेंट (पेटेंट नंबर 6896907 और 7718360) भी संयुक्त रूप से भारत के शोधकताओं द्वारा अमेरिका में दर्ज कराए गए। गोमूत्र व अन्य प्राकृतिक चीजों से बने कीटनाशकों को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता और पेटेंट प्राप्त हुआ है।



आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री श्रीपाद येसो नाइक ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया था कि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनुसार, इसकी घटक प्रयोगशाला, केंद्रीय औषधीय एवं सुगंधित पादप संस्थान (सीआईएमएपी), लखनऊ ने नागपुर के गो-विज्ञान अनुसंधान केंद्र के सहयोग से किए गए एक अध्ययन में गाय के मूत्र के आसवन (कामधेनु अर्क) का एक नया उपयोग खोजा है। यह आसवन संक्रमणरोधी और कैंसररोधी एजेंटों सहित जैवसक्रिय अणुओं की सक्रियता बढ़ाने और उपलब्धता को सुगम बनाने में सहायक है। गाय के मूत्र के आसवन में कैंसररोधी प्राकृतिक एजेंट टैक्सोल (पैक्लिटैक्सेल) की जैव-संवर्धन क्षमता पाई गई है, जो यू वृक्ष (टैक्सस एसपीपी.) द्वारा सूक्ष्म मात्रा में उत्पादित होता है। गाय के मूत्र का आसवन, जीवाणुओं पर विभिन्न एंटीबायोटिक दवाओं की निष्फलता क्षमता बढ़ाने के अलावा, स्तन कैंसर कोशिका लाइन एमसीएफ-7 के विरुद्ध पैक्लिटैक्सेल की कोशिका विभाजन अवरोधक गतिविधि को भी बढ़ा सकता है। इसके अलावा, गाय के मूत्र के आसवन से तैयार किए गए एक सफेद क्रिस्टलीय अवक्षेप ने भी गाय के मूत्र के आसवन के समान सक्रियता दिखाई। इस शोध निष्कर्ष पर अमेरिका का पेटेंट भी प्राप्त कर लिया गया है। लेकिन अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा की सीमा भी लांघ चुकी कांग्रेस पार्टी ने लगता है कि अपनी पुरानी बीमारी के चलते हिन्दू आस्था के साथ-साथ विज्ञान का भी उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है। वैसे प्रियंका के गोमूत्र के उपहास उड़ाने के प्रयास को देख कर किसी को आश्चर्य भी नहीं होना चाहिए, क्योंकि इनकी दादी पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी गोअष्टमी के दिन 7 नवम्बर, 1966 को संसद भवन के सामने निहत्थे गोभक्तों, संतों व गोमाता पर गोलियां चलवा कर दिल्ली की सडकों को रक्तरंजित करने का पराक्रम दिखा चुकी हैं। केरल में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शनकारी सार्वजनिक रूप से एक बछड़े की हत्या कर उसके मांस की दावत उड़ा चुके हैं। अच्छा होगा कि प्रियंका गांधी अपने किए अपराध के लिए समूचे देश से माफी मांगें अन्यथा यह न भूलें कि हिन्दू समाज गोरक्षा व गोसम्मान के लिए 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र क्रान्ति कर चुका है। गोरक्षा व गोसम्मान हिन्दू आस्था से ही नहीं हिन्दू अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है।


## लघुकथा

# मेरे हिस्से का घर-परिवार

देख संगीता, मैं बाजार से यह सलेक्स ले आई हूँ। तुम कल कह रही थी न कि तुम्हारी पीली वाली सलेक्स खराब हो गई है? इसलिए यह ले आई। संगीता के चेहरे पर जरा भी खुशी नहीं आई। उसने पूछा, कितने की है यह सलेक्स? सासू माँ बोलीं, छः सौ पचास रुपये की। संगीता खीझकर बोली, इतनी महँगी सलेक्स लाने की क्या जरूरत थी? मुझे नहीं चाहिए। कल वापस कर आइए। सासू माँ का चेहरा उतर गया। ठीक है, वे धीमे स्वर में बोलीं और उदास मन से अपने कमरे में चली गईं। अभय यह सब देख रहा था। माँ के जाते ही बोला, तुमने ठीक नहीं किया। सलेक्स रख लेती तो क्या हो जाता! अगर दुकान ने कल वापस न ली तो? माँ फिर बाजार जाएँगी, परेशान होंगी। संगीता मुस्कुराई, आप देखते जाइए.. वे कल बाजार नहीं जाएँगी। अभय कुछ समझ पाता, इससे पहले ही सासू माँ वापस कमरे में आईं। हाथ में वही सलेक्स थी। बोलीं, बहू, कपड़ा बहुत अच्छा है, तुम इसे रख ही लो। संगीता ने कहा, ठीक है, रख लेती हूँ.. लेकिन आगे से मत लाइएगा। इतना सुनते ही सासू माँ बच्चों की तरह खिल उठीं, फिर बोलीं, इस रिमझिम को देखो, मेरी एक नहीं सुनती! कल झाड़ू लगाते हुए कोनों में कूड़ा छोड़ दिया था। तुम इसे समझा देना—मेरी बात माने, वरना काम से निकाल दूँगी। इतना कहकर वे रिमझिम को आवाज देती बाहर चली गईं। संगीता रसोई की ओर बढ़ने लगी तो अभय बोला, जब आखिर में सलेक्स रखनी ही थी तो पहले क्यों नहीं रख ली? संगीता हँस दी, पहले रख लेती तो कल कुछ और नया ले आतीं। अभय बोला, सच कहूँ, माँ के साथ निभाना आसान नहीं। तभी तो मेरा कोई भाई-बहन उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहता। संगीता ने पलटकर पूछा, पर माँ को साथ नहीं रखेंगे तो बच्चों को दादी का प्यार कौन देगा? और वे रहेंगी कहाँ? अभय ने कहा, फिर तुम दोनों सारा दिन नोकझोंक क्यों करती रहती हो? तुम माँ के हर काम में मीन-मेख निकालती हो। संगीता बोली, देखिए, बच्चे और बुजुर्ग एक जैसे होते हैं। जितनी बात मानो, माँगें उतनी बढ़ती जाएँ। कई बार रोक लगानी पड़ती है। ...लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उनके साथ न रहा जाए। यही तो मेरे हिस्से का घर-परिवार है।

## कहानी

# गुरु का उचित न्याय




एक दिन की घटना है उस समय गणित का पीरियड चल रहा था, गुरूजी द्वारा कई बार समझाने और बार बार खुद कोशिश करने के बावजूद भी एक विद्यार्थी सवाल हल नहीं कर पा रहा था। इत्तफाक से उस दिन अध्यापक का मूड भी कुछ ठीक नहीं था, शायद इसलिए उन्हें उस विद्यार्थी पर गुस्सा आ गया। यह उस समय की बात है जब पढाई में कमजोर विद्यार्थियों को उनके शिक्षक घर बुलाकर या विद्यालय में ही समय निकाल कर अलग से पढ़ाया करते थे। उन विद्यार्थियों से कोई टयूशन फीस भी नहीं ली जाती थी। उन दिनों स्कूल में बच्चों की पिटाई भी होती थी मगर माता पिता को कोई खबर नहीं दी जाती थी। किसी तरह बात अगर घर तक पहुंच भी जाती तो कितनी ही बार अभिभावक खुद स्कूल जाकर अध्यापक का धन्यवाद करते थे। गलती करने पर विद्यार्थियों को घर पर अलग से डांट पड़ती थी। एक दिन की घटना है उस समय गणित का पीरियड चल रहा था, गुरूजी द्वारा कई बार समझाने और बार बार खुद कोशिश करने के बावजूद भी एक विद्यार्थी सवाल हल नहीं कर पा रहा था। इत्तफाक से उस दिन अध्यापक का मूड भी कुछ ठीक नहीं था, शायद इसलिए उन्हें उस विद्यार्थी पर गुस्सा आ गया। उनकी कक्षा खत्म होने के बाद आधी छुट्टी होनी थी जिसमें सभी ने मिल बैठकर खाना खाना था। गुरूजी ने यह फैसला लेते हुए कि उस विद्यार्थी की पिटाई करनी है क्लास मानीटर से कहा, मानीटर जाओ एक डंडा लेकर आओ, आज मैं इसकी खबर लेता हूं। मानीटर डंडा लेने कक्षा से बाहर गया और जल्दी से लकड़ी का छोटा सा कमजोर, पतला टुकड़ा ले आया और बोला, लीजिए गुरूजी। शिक्षक को लकड़ी का टुकड़ा देखते ही गुस्सा आ गया, इससे कहीं सजा मिलती है, देखो मैं तुमको ही लगाता हूं यह कहते हुए उन्होंने वह डंडा मानीटर को ही लगा दिया और बोले, जाओ जाकर दूसरा डंडा लेकर आओ'। मानीटर फिर भागा डंडा लेने के लिए, उसे थोड़ा समय लग गया और इस बार पुराने स्टूल की टूटी हुई टांग ले आया। उसे लगा इस बार बढ़िया डंडा लाने के लिए गुरूजी उसे शाबाशी देंगे लेकिन जैसे ही मोटी लकड़ी को अध्यापक ने हाथ में पकड़ा उनका गुस्सा बढ़ गया और मानीटर की टांग पर लगभग जोर से मारने का अभिनय करते हुए बोले, मानीटर, क्या तुम इसके दुश्मन हो जो इतना मोटा डंडा लाए हो। अब मानीटर घबरा गया उसे लगा अब पिटने की उसकी बारी है। गुरूजी ने वह लकड़ी मेज पर रख दी और कुछ क्षणों के लिए मौन रहने के बाद बोले, बच्चो, आपने देखा जब मानीटर पतला डंडा लाया तब भी उसे डांट पड़ी और जब ज्यादा मोटा लाया तब भी, मेरा आशय किसी विद्यार्थी को पीटना नहीं था बल्कि समझाना कि गलती करने वाले को उचित सजा मिले, न कम न ज्यादा। उन्होंने उस विद्यार्थी से कहा कि वह घर जाकर अभ्यास करे और यदि उसे फिर भी समझ न आए तो रोजाना पढने के लिए, छुट्टी के बाद उनके घर आ जाया करे। अध्यापक ने पूरी क्लास को संबोधित करते हुए कहा कि जिस बच्चे को भी गणित विषय में कुछ समझ न आ रहा हो वह भी आ सकता है। खाना खाने की छुट्टी की घंटी बज चुकी थी, वह बच्चा जिससे सवाल हल नहीं हो रहा था वह पिटाई से बच गया लेकिन उसे और पूरी कक्षा को शिक्षा मिली। खाना खाते समय सब यही बात कर रहे थे कि यदि गुरूजी चाहते तो सजा दे सकते थे लेकिन उन्होंने बिना ऐसा किए मानीटर समेत सभी विद्यार्थियों को अच्छे से समझा दिया।

**- संतोष उत्सुक**

# पौधारोपण करना एक कला है

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

सबसे जरूरी काम तो पौधारोपण की तैयारी करना होता है। क्षेत्र के राजनीतिक रूप को सर्वोपरि परखा जाता है। भौतिक स्वरूप और जलवायु ध्यान में रखना होता है। मिटटी, धूप, हवा के अध्ययन के साथ साथ पौधों के बीच उचित दूरी रखने बारे सोचना पड़ता है। सही माप के गड्ढे खोदकर, खाद वगैरा मंगाने की योजना बनती है।

बरसात के मौसम में ऐसे कई पुराने वृक्ष जड़ समेत उखड़ जाते हैं जिन्हें काट देने बारे शहर के वरिष्ठ जन, सोशल और प्रिंट मीडिया, सख्त कार्रवाई करने वाले प्रशासन और समाज के हक में निर्णय लेने वाले शासकों से बार बार निवेदन कर चुके होते हैं। शुभ मुहर्त न निकलने के कारण इस छोटे से मसले पर कोई बड़ा फैसला नहीं हो पाता। फैसला ले सकने वाले आश्वस्त होते हैं कि किसी न किसी बरसात में बारिश और हवा सहयोग करेंगे और बिना स्वीकृति के वृक्षों का काम तमाम हो जाएगा। इस कुदरती निर्णय का यह फायदा होता है कि सभी सरकारी कर्मचारी और अधिकारी फालतू काम से बच जाते हैं। उनके पास साल भर करने के लिए दूसरे जरूरी काम भी तो होते हैं।

सबसे जरूरी काम तो पौधारोपण की तैयारी करना होता है। यह आसान काम नहीं है। क्षेत्र के राजनीतिक रूप को सर्वोपरि परखा जाता है। भौतिक स्वरूप और जलवायु ध्यान में रखना होता है। मिटटी, धूप, हवा के अध्ययन के साथ साथ पौधों के बीच उचित दूरी रखने बारे सोचना पड़ता है। सही माप के गड्ढे खोदकर, खाद वगैरा मंगाने की योजना बनती है। मुख्य अतिथि का चुनाव करना होता है जिसे वन संरक्षण और पर्यावरण प्रेम बारे ज्यादा पता हो न हो लेकिन वह समय पर पहुंच जाए । पौधा लाना फिर उसे उचित जगह लगाने के लिए नियमानुसार करना मुश्किल सा लगता है। पौधा लगाना फिर आसान लगता है बाद में देखभाल करना, पानी देना वगैरा तो मेहनत भरा परेशान करने वाला काम होता है। आजकल ऐसी जगह चुनना सुरक्षित होता है जहां पहले से ही पेड़ लगे हों नए पौधे लगाने के लिए जगह न बची हो। फिर भी जगह बनाकर कुछ पौधे लगाने ही पड़ते हैं। काम जिम्मेदारी का है इसलिए समारोह भी रखना पड़ता है जिसका उद्घाटन कोई उच्चाधिकारी ही कर सकता है । विपक्षी पार्टी द्वारा भी पौधा लगाने की परम्परा है लेकिन शासक और विपक्षी, दोनों पार्टियां एक समारोह में साथ साथ नहीं उपस्थित नहीं हो सकती । राष्ट्रीय परम्परा ही ऐसी है। सामाजिक संस्थाएं भी हर साल पौधारोपण करती हैं ताकि उनका एक प्रोजेक्ट संपन्न हो जाए।



उच्च सरकारी अधिकारी ने हुक्म जारी किया कि उस दिन ऐसी पोशाक पहनी जानी चाहिए जिससे हमारे प्रकृति प्रेम का सामाजिक प्रसार हो और दूसरों को भी प्रेरणा मिले। उन्होंने बाजार से अपने कर कमलों में पहनने के लिए हरे रंग के बढ़िया दस्ताने, हरे रंग की टी शर्ट और हरे रंग की कैप भी खरीदी। सफेद नेकर और सफेद जूते उनके पास पहले से थे। स्वाभाविक है जिन अन्य लोगों ने समारोह में आना ही था उन्होंने भी हृदय से उनका अनुकरण किया । सम्बंधित खर्चों का भुगतान जहां जहां से संभव हो सकना था शालीनता से हो गया।

जिस दिन लगभग डेढ़ दर्जन लोगों ने पौधारोपण समारोह में भाग लिया उस दिन मौसम हलके बादलों वाला रहा। बारिश बिलकुल नहीं हुई। ऐसा मौसम फोटो खींचने के लिए उत्तम बताया जाता है। शायद इसलिए सभी के चित्र उच्चकोटि के आए। फेसबुक, व्ट्सएप, इंस्टाग्राम जैसे बागों में भी पौधारोपण हो गया। समारोह का नाम पौधारोपण समारोह रहा लेकिन लगाए गए वृक्ष क्यूंकि वह आसान था । एक बार तो ऐसा लगा कि पौधारोपण भी एक कला है।

# तहसील के अभिलेख खुले मिलने पर डीएम हुए नाराज

## डीएम ने किया भोगांव तहसील का निरीक्षण दिए निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**भोगांव/मैनपुरी।** डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने तहसील के निरीक्षण के दौरान अभिलेखागार में कुछ अभिलेख खुले पाए जाने, उपलब्ध फर्नीचर की दशा खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रजिस्ट्रार कानूनगो को आदेशित करते हुए कहा कि 15 दिन में रिकॉर्ड रूम के सभी अभिलेख अद्यावधिक किये जायें, जो भी रिकॉर्ड खुला रखा है, उन्हें बस्तों में बॉधकर रखा जाये, निष्प्रयोज्य सामग्री, रिकॉर्ड की नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही की जाये, बस्तों की साफ-सफाई तत्काल करायी जाये।

श्री त्रिपाठी ने नजारत के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर नंबर-04 का अवलोकन करने पर पाया कि रू. 59 लाख 29 हजार 428 जमा है, जिसे ग्राम पंचायत निधि में तत्काल जमा करने के निर्देश दिए, रजिस्टर नंबर-06 के निरीक्षण के दौरान सभी परवाने पंजिका में दर्ज पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होने कहा कि उप जिलाधिकारी, तहसीलदार के न्यायालय में जो भी पत्रावलियां लम्बे समय से अनिस्तारित है उनका जल्दी-जल्दी तिथि देकर निस्तारण किया जाये, तहसील के प्रत्येक अनुभाग के रिकॉर्ड अद्यावधिक रहें। उन्होने निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी न्यायिक हेतु एक कक्ष, अटैच टॉयलेट, बाथरूम एवं उनके स्टेनो हेतु एक कक्ष, तहसील के गेट नम्बर-02 के समीप क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवॉल का तत्काल ऑगणन तैयार कर प्रस्तुत करें, तहसील परिसर में आने वाले फरियादियों, वादकारियों को बैठने एवं तहसील से विभिन्न अभिलेख प्राप्त करने हेतु जन-सुविधा केन्द्र की स्थापना, फरियादियों, वादकारियों एवं अधिवक्ताओं हेतु अलग-अलग महिला-पुरूष शौचालय के निर्माण का ऑगणन अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा को ऑगणन तैयार करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी भोगांव मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार घासीराम, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हरेंद्र सिंह, पेशकार वेद प्रकाश श्रीवास्तव, शिकायत लिपिक अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाना सबकी जिम्मेदारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** नगर के कस्तूरवा गांधी बालिका इण्टर कॉलेज मे आयोजित नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन नेहा तिवारी ने करते हुये कहा कि आज के समय मे नशा लोगो के लिये सबसे बडा अभिशाप बन गया है नशा करने से व्यक्ति खुद को काल मे मुंह मे धकेल रहा है। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ करने के बाद चेयरमैन नेहा तिवारी ने उपस्थित छात्रो को सम्बोधित करते हुये कहा कि नशा मुक्ति अभियान मे हम सभी को सरकार का सहयोग करना चाहिये और अपने आसपास परिवेश मे लोगो को नशा न करने के लिये जागरूक करना चाहिये। इस मौके पर उपनिदेशक पुनीत गोयल, प्रधानाध्यापिका आरती यादव, ऋतिका सिंह, यशी मिश्रा, राम खिलाड़ी, राकेश कनौजिया, शरद दुबे, माहिर अली, अपर्णा वर्मा, शचेंद्र अधौलिया, इमरान खान, बबिता सिंह, बिलाल आदि मौजूद थे।

## लोन सेटलमेन्ट कराने के नाम पर हजारो की ठगी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** लोन सेटलमेन्ट कराने के नाम पर एक युवक से नामदजो ने हजारो रुपए की ठगी कर ली। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम दयानतनगर मोटा निवासी विवेक कुमार पुत्र रनपाल सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि उसने स्टेट बैंक की शाखा भोगांव से बर्ष 2015 मे केसीसी के माध्यम से एक लाख 40 हजार का लोन लिया था फसलो के नुकसान होने के कारण लोन अदा नही कर सका विगत बर्ष 10 सितम्बर को उसके घर पर अशोक यादव निवासी नगला मोतीराम राहिन थाना चैविया जनपद इटावा, रोहित पुत्र अर्जुन निवासी ग्राम शिवपुरी थाना एलाऊ आये और खुद को बैंक का कर्मचारी बताते हुये उसे लोक अदालत का नोटिस दिखाते हुये 20 हजार रुपए मे लोन का सैटलमेन्ट कराने की बात कही, न देने पर खेतो की नीलामी करवाने की बात कही जिस पर उसने 11 सितम्बर को शाखा के बाहर 20 हजार रुपए दे दिये लेकिन अशोक ने रुपए बैंक मे नही जमा किये और न ही उसका सेटलमेन्ट कराया जब अशोक से पैसे मांगे तो उसने देने से मना कर दिया, विवेक कुमार ने अशोक कुमार कई लोगो इस तरह की ठगी कर चुका है। इस सम्बन्ध मे जब स्टेट बैंक के शाखा प्रबन्धक विनय कुमार से बात की तो उन्होने बताया कि उन्हे अभी मामले की जानकारी नही है बह छुट्टी पर है आकर मामले को देखते है।

# शादी का झांसा देकर चार साल तक किया शारीरिक शोषण

## गर्भवती होने पर शादी से इंकार, विरोध करने पर परिजनों ने मारपीट कर घर से भगाया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** करहल क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोप लगाएं है कि एक युवक शादी का झांसा देकर चार साल तक शारीरिक शोषण करता रहा, गर्भवती होने के बाद शादी से इंकार कर दिया, पीड़िता ने युवक के परिजनों पर भी मारपीट और अभद्रता करने का आरोप लगाया है।

करहल थाना क्षेत्र के गांव हविलिया निवासी कुलदीप पुत्र विमलेश से युवती की जान-पहचान उसकी बहन के गांव आने-जाने के दौरान हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि परिचय के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और युवक ने उससे शादी का वादा किया। युवती का कहना है कि इसी भरोसे पर आरोपी पिछले चार वर्षों से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान वह गर्भवती भी हो गई। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी करने की बात कही तो पहले उसे टाला गया और बाद में आरोपी ने साफ इंकार कर दिया। उसने आरोप लगाया कि अपने अधिकारों की मांग करने पर आरोपी की मां अंजना, पिता विमलेश और चाची बबली ने उसके साथ अभद्रता की और मारपीट कर घर से भगा दिया।

### थाने में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई

युवती ने कहा कि उसने स्थानीय थाने में भी शिकायत की थी, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई और कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि 29 जुलाई 2026 को आरोपी पक्ष ने दोबारा उसके साथ मारपीट की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बिना किसी वैधानिक कार्रवाई के लौट गई।

### एसपी से की मुकदमा दर्ज करने की मांग

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की जांच कराने, आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नवेद ने हासिल की 100 प्रतिशज छात्रवृत्ति, लोगो ने दी बधाई

**मोर्निंग सिटी संवाददाता भोगांव/मैनपुरी।** नगर के मोहल्ला मोहम्मद सईद निवासी जाविर हुसैन के पुत्र नवेद हुसैन ने आंध्र प्रदेश की प्रतिष्ठित एसआरएम यूनिवर्सिटी मे बीटेक इलेक्ट्रानिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग कोर्स के 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) प्रदान की है जिससे नगर के लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुये नवेद हुसैन को बधाई दी है। नवेद हुसैन ने बताया कि उन्होने एसआरएम यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा के लिये आवेदन किया था तथा आयोजित परीक्षा मे शत प्रतिशत अंक हासिल किये है। विश्वविधालय की फीस लगभग 24 लाख रुपये है । विश्वविद्यालय प्रबंधन ने नवेद की प्रतिभा को देखते हुए न केवल उनकी पूरी ट्यूशन फीस माफ कर दी है, बल्कि उनके रहने के लिए हॉस्टल और भोजन का पूरा खर्च भी उठाने की घोषणा की है। नवेद की इस सफलता पर काजी नमजी अव्वासी, शाहरूख अव्वासी, अलफिसा खान, समा परवीन, अनामिका दुबे, आसिमा खान, पूनम शर्मा सहित लोगो ने बधाई दी है।

## दवा लेने गई युवती प्रेमी के साथ गायब

**मोर्निंग सिटी संवाददाता भोगांव/मैनपुरी।** घर से दवा लेने के लिये गई युवती को आरोपी युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। नगर के एक मुहल्ले की रहने बाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि उसकी 22 बर्षीय पुत्री विगत 13 जुलाई को दवा लेने की बात कहकर घर से गई थी किन्तु देर सांय तक वापस नही लौटी जिस पर परिजनो को चिन्ता हुई और उसकी तलाश शुरू की तो पता चला कि जनपद फरूर्खाबाद के थाना मउ दरवाजा क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर करसान निवासी रामरूप पुत्र दाताराम भगा ले गया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

# किसी भी राष्ट्र का भविष्य युवाओं की सोच, शिक्षा पर आधारित

## सुदिती ग्लोबल एकेडमी में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर दी श्रंद्धाजलि

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, समाज सुधारक, शिक्षाविद्, पत्रकार तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर के देवी बाईपास रोड स्थित सुदिती ग्लोबल एकेडमी में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के उन महान राष्ट्रनायकों के जीवन से परिचित कराना था, जिन्होंने अपने साहस, संघर्ष, त्याग और राष्ट्रप्रेम के बल पर देशवासियों में स्वतंत्रता की चेतना का संचार किया तथा भारत को आत्मसम्मान के साथ जीना सिखाया।

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र के समक्ष प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन, प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा. कुसुम मोहन, प्रबन्ध निदेशक डा. लव मोहन एवं एकेडमिक प्रधानाचार्य सुप्रिया शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भारत माता के इस अमर सपूत के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं की सोच, संस्कार, शिक्षा और चरित्र पर आधारित होता है। यदि विद्यार्थी महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करें, तो वे न केवल अपने परिवार और समाज, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने गुलामी की मानसिकता को तोड़ने का कार्य किया।

### अन्यायपूर्ण नीतियों का निर्भीक विरोध किया

प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा. कुसुम मोहन ने कहा कि वे बचपन से ही अत्यंत मेधावी, स्वाभिमानी और निर्भीक थे। उन्होंने पत्रकार के रूप में उनके योगदान का भी विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने केसरी तथा मराठा नामक समाचार पत्रों के माध्यम से अंग्रेजी शासन की अन्यायपूर्ण नीतियों का निर्भीक विरोध किया। प्रबन्ध निदेशक डा. लव मोहन ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को राष्ट्रीय एकता से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया। एकेडमिक प्रधानाचार्य सुप्रिया शर्मा ने भी अपने विचा प्रकट किए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएँ, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बूथ जीतकर ही चुनाव जीता जा सकता: आलोक शाक्य

## सपा जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक में चुनावी तैयारियों पर हुई चर्चा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में मासिक कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष और पूर्व मंत्री आलोक कुमार शाक्य ने की। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यों और चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी गांव गांव बूथ स्तर पर जाकर जनता की समस्याओं को सुनने और संगठन को मजबूत करने पर ध्यान दें, क्यो बूथ जीतने के बाद ही चुनाव में जीत मिलती है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर सक्रियता से ही पार्टी का आधार मजबूत होगा। पार्टी को और ज्यादा मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता लोगो के बीच जाकर संपर्क बढ़ाएं। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा मतदाता सूची का पुनरीक्षण रहा। सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए मुस्तैद रहने को कहा गया। पदाधिकारियों और कार्यकताओं को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने पोलिंग बूथों पर जाकर अधिक से अधिक फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 (संशोधन/स्थानांतरण) भरवाना सुनिश्चित करें।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। बैठक का संचालन वरिष्ठ सपा नेता एवं जिला महासचिव रामनारायन बाथम ने किया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और जिला स्तर पर चलाए जा रहे अभियानों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर विधायक किशनी इंजी. बृजेश कठेरिया, विधान परिषद सदस्य मुकुल यादव, प्रो. के.सी. यादव, रामकुमार यादव, योगेन्द्र सिंह पाल, ए.एच. हासमी, रजनीश मिश्रा, नरेन्द्र सिंह यादव, महेन्द्र सिंह यादव, खुमान सिंह वर्मा, देवेन्द्र सिंह एडवोकेट और देवेन्द्र सिंह यादव (पूर्व) सहित कई अन्य नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जसराजपुर में बिखरी बुद्धम शरणम गच्छामि की छटा

### ग्रामीणों ने भावुक होकर बौद्ध भिक्षुओं का कराया भोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** नगर के समीपवर्ती ग्राम जसराजपुर के निकट स्थित बाईबीएस सेन्टर पर चल रहे साधना शिविर के चैथे दिन ग्रामीणों ने भारतीय सनातन व बौद्ध परंपरा के अनुसार भिक्षुओं का स्वागत किया तथा उन्हे भोजन भी कराया।



बाईबीएस के अध्यक्ष सुरेश बौद्ध ने बताया कि बौद्ध परंपरा के अनुसार वर्षा काल (चार माह) के दौरान भिक्षुओं को कहीं आने-जाने की मनाही होती है। भगवान बुद्ध ने नियम बनाया था कि बारिश के मौसम में भ्रमण करने में जीव-हत्या और कठिनाइयां होती हैं, इसलिए भिक्षु संघ एक स्थान पर रहकर स्वाध्याय, ध्यान और धर्म का अभ्यास करे। शनिवार को गांव के विभिन्न घरों से भोजन प्राप्त कर विहार लौटने के बाद भिक्षुओं ने आपस में प्रसाद बांटकर ग्रहण किया। इस दौरान भिक्षुओं ने बताया कि आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व स्वयं भगवान गौतम बुद्ध ने इस पवित्र भूमि पर कदम रखे थे और इसी तरह गांव के गलियारों में भिक्षाटन किया था। यह गांव अति प्राचीन है और बुद्ध तथा उनके संघ का यहां बारंबार आगमन होता रहा है। यही कारण है कि आज भी जसराजपुर के जन-जन में बौद्ध धर्म और भिक्षुओं के प्रति अटूट श्रद्धा एवं समर्पण की भावना जीवित है। इस मौके पर रोशन लाल यादव, दीप सिंह जाटव, सुरेंद्र सिंह वाल्मीकि, रामवीर सिंह, थान सिंह कठेरिया, संजना श्रीवास्तव, महेश चंद्र, शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।

# चक्रवर्ती सम्राट अशोक सेना ने शुरू किया वृक्षारोपण अभियान

## वन विभाग ने सेना पदाधिकारियों को दिए 1000 से अधिक पौधे

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन विभाग ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक सेना भारत को 1000 से अधिक पौधे उपलब्ध कराए, इन पौधों के साथ सेना संगठन ने जिले में एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया।

अभियान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुशवाहा के नेतृत्व में शुरू किया गया। पदाधिकारियों ने संकल्प लिया है कि इन पौधों को जिले के विभिन्न गांवों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाया जाएगा, जिससे हरित आवरण में वृद्धि हो सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुशवाहा ने इस अवसर पर कहा कि सम्राट अशोक ने भी वृक्षों और जीव-जंतुओं के कल्याण को अपना धर्म माना था। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक सेना भारत पर्यावरण बचाने के लिए लगातार काम करेगी।

संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. मनोज शाक्य ने वन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार और समाज के सामूहिक सहयोग से ही धरती को हरा-भरा बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र शाक्य, प्रदेश महासचिव राहुल अभिमन्यु शाक्य और प्रदेश कोषाध्यक्ष कमलेश शाक्य ने बताया कि आने वाले दिनों में संगठन के कार्यकर्ता ब्लॉक और गांव स्तर पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करेंगे और लगाए गए पौधों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पौधों की देखभाल और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी। चक्रवर्ती सम्राट अशोक सेना भारत ने सभी लोगों से अपील की है कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या किसी भी विशेष अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर हृदेश शाक्य (जिला उपाध्यक्ष) सहित अन्य कार्यकर्तागण भी मौजूद थे।

## जबरन बैनामा वापस कराने के विरोध पर दंपति से मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**बिछवां/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव विरायमपुर में जमीनी विवाद को लेकर जवरन बैनामा वापस करने के विवाद को लेकर पति पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया, मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है पुलिस में घायलों का मेडिकल कराया है।

गांव विरायपुर निवासी राजेश पुत्र हवलदार सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि उसे वह उसकी पत्नी ममता देवी को शनिवार को देर शाम जबरन जमीन का बैनामा वापस करने को लेकर गांव के दबंग लोगों ने गाली गलौज दी जब विरोध किया तो उसे व उसकी पत्नी ममता देवी को गांव निवासी कायम सिंह पुत्र उजागर मिथिलेश पत्नी कायम सिंह आशीष पुत्र कायम सिंह कल्याण पुत्र छोटेलाल ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया है साथ ही जान से मारने की धमकी दी है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस ने घायल लोगों का मेडिकल कराया है पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

# भूमि पर दोवारा कब्जा करने वाले के विरुद्ध दर्ज कराएं मुकदमा

## संपूर्ण समाधान दिवस में भोगांव में सुनीं डीएम, एसपी ने शिकायतें

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील भोगांव में जन-शिकायतें सुनने के उपरांत राजस्व विभाग के अधिकारियों, राजस्व निरीक्षक, लेखपालों से कहा कि मिशन समाधान, जन-शिकायतों के निस्तारण के दौरान ग्रामसभा की जो भी भूमि खाली कराई जाए, उसे किसी न किसी कार्य हेतु तत्काल आरक्षित किया जाए, पैमाइश, कब्जा हटवाने के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाए या अवरोध उत्पन्न किया जाए तो उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

उन्होंने कहा कि पशुचर, तालाब, चकरोड, विद्यालय, अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि को प्राथमिकता के आधार पर कब्जामुक्त कराया जाए। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील भोगांव के दूर-दराज ग्रामीण अंचलों से आए 138 फरियादियों ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किए, जिसमें से 19 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, उप जिलाधिकारी भोगांव मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी न्यायिक अरविन्द कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. शोभनाथ चौरसिया, उप कृषि निदेशक नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजेश बघेल, जिला कृषि अधिकारी अविशांक चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र, तहसीलदार भोगांव घासीराम सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# 21 साल बाद मिट सका दामन पर लगा दुष्कर्म का कलंक

## तीन आरोपियों को कोर्ट से मिली बड़ी राहत; कर दिया बरी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** बिछवां थाना क्षेत्र से जुड़े एक 21 साल पुराने दुष्कर्म और अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम (एससीएसटी एक्ट) के मामले में को न्यायालय ने तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससीएसटी (पीए) एक्ट जय प्रकाश की अदालत ने यह फैसला सुनाया, जिससे उक्त तीनों व्यक्तियों के दामन से दुष्कर्म का दाग मिट गया।

ज्ञात हो कि बिछवां थाने में वर्ष 2006 में एक अनुसूचित जाति की युवती ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 31 दिसंबर 2005 की सुबह करीब 8.30 बजे फारूख, जो खुद को पुलिस का सिपाही बता रहा था और अपना नाम प्रमोद कह रहा था, उनके घर आया था। उसने युवती को थाने ले जाने की बात कही। आरोप के अनुसार, रास्ते में एक अमरूद के बाग में ले जाकर उसकी पिटाई की, और दुष्कर्म किया गया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर आरोपी चला गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि 17 अप्रैल 2005 को युवती की छोटी बहन के साथ भी दुष्कर्म की घटना हुई थी, इसमें भानु प्रताप उर्फ पिंटू चौहान और राजू शामिल थे। तीनों आरोपियों, फारूख निवासी नदराला, थाना अलीगंज, जनपद एटा, भानु प्रताप उर्फ पिंटू चौहान निवासी गांव बलारपुर रामनगर, थाना बिछवां और राजू निवासी कूकापुर, थाना जैतपुर, जनपद आगरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू की थी। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएसटी (पीए) एक्ट, जय प्रकाश की अदालत में हुई। न्यायालय ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में तीनों आरोपियों को दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट के आरोपों से बरी कर दिया।

### अदालत में साबित नहीं हो सके आरोप

न्यायालय ने अभियोजन के साक्ष्यों का विश्लेषण करते हुए पाया कि पीड़िता और उसकी बहन के बयान में कई विसंगतियां हैं। घटना के तीन दिन बाद तहरीर देना, घटना के समय और जगह संबंधी विरोधाभास, चिकित्सकीय रिपोर्ट में कोई बाहरी चोट या दुष्कर्म की पुष्टि न होना, परिवार के बीच पुरानी रंजिश व कई मुकदमे दर्ज होने के कारण साक्षियों को हितबद्ध माना गया। अभियोजन पक्ष आरोपों को युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में असफल रहा।

# निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में मिलीं कई खामियां

## CDO सख्त; अवर अभियंता को नोटिस, ठेकेदार पर पेनल्टी के निर्देश

मोर्निंग सिटी



**आगरा।** जिले में निमार्णाधीन उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड अकोला की ग्राम पंचायत जारूआ कटरा तथा विकास खंड सैंया की ग्राम पंचायत सिकंदरपुर में निमार्णाधीन दो विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कई कमियां सामने आने पर संबंधित अधिकारियों, कार्यदायी संस्था और ठेकेदार को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। सबसे पहले मुख्य विकास अधिकारी ने जारूआ कटरा स्थित निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया।

यहां भवन निर्माण में कुछ तकनीकी और निर्माण संबंधी कमियां पाई गईं, जिन्हें ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि विद्यालय परिसर की बाउंड्रीवाल का निर्माण ग्रामीणों के विरोध के कारण एक ओर से रुका हुआ है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी अकोला और क्षेत्रीय लेखपाल को संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण कर विद्यालय के नाम दर्ज भूमि का सीमांकन कराने तथा बाउंड्रीवाल का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने सैंया स्थित निमार्णाधीन उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। यहां शौचालय एवं स्नानघर में यूरिनल सीट, शौचालय सीट, वॉश बेसिन, शीशा और अन्य आवश्यक सामग्री स्थापित नहीं मिली। इस पर संबंधित कार्यदायी संस्था को सभी कार्य मानकों के अनुरूप तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान भवन की दीवारों पर सीलन भी पाई गई, जिसे तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा भवन की विद्युत वायरिंग तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का कार्य भी अधूरा मिला। मुख्य विकास अधिकारी ने इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सैंया परियोजना से जुड़े ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता महेश चंद को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को ठेकेदार के विरुद्ध निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा न करने पर पेनल्टी लगाने और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं, ताकि छात्राओं को बेहतर शैक्षिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# आगरा मेट्रो की सैर पर निकले TISA के छात्र, बच्चों ने जाना आधुनिक मेट्रो का सफर और ग्रीन टेक्नोलॉजी का महत्व



मोर्निंग सिटी

**आगरा।** द इंटरनेशनल स्कूल आगरा के छात्र-छात्राओं ने आगरा मेट्रो में यात्रा कर आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली का अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान आगरा मेट्रो की टीम ने बच्चों को मेट्रो की अत्याधुनिक सुविधाओं, सुरक्षित यात्रा और पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मेट्रो टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि आगरा मेट्रो एक ईको-फ्रेंडली और ग्रीन ट्रांसपोर्ट सिस्टम है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मेट्रो के उपयोग से शहर में ट्रैफिक जाम, धूल और प्रदूषण जैसी समस्याओं से राहत मिलती है तथा यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलता है। यात्रा के दौरान बच्चों को मेट्रो में सफर करने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। उन्हें टिकटिंग व्यवस्था, स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं और यात्रियों के लिए बनाए गए सुरक्षा नियमों से भी अवगत कराया गया।

साथ ही मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों में उपलब्ध रैंप, एस्केलेटर, लिफ्ट, टैक्टाइल पाथ, पैसेंजर डिस्प्ले सिस्टम तथा दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए ब्रेल लिपि जैसी सुविधाओं की जानकारी दी गई। आगरा मेट्रो टीम ने बच्चों को यह भी बताया कि मेट्रो के अंदर जन्मदिन, सालगिरह, किटी पार्टी और अन्य विशेष आयोजनों के लिए भी बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है, जिससे लोग अपने खास पलों को अनोखे अंदाज में मना सकते हैं। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि आगरा मेट्रो का रूट शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे स्टेशनों, बस टर्मिनलों, अस्पतालों, बाजारों और कार्यस्थलों को जोड़ता है। वर्तमान में प्रथम कॉरिडोर के प्रायोरिटी सेक्शन पर मेट्रो का सफल संचालन हो रहा है और शेष हिस्से में भी जल्द मेट्रो सेवा शुरू की जाएगी।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मेट्रो यात्रा का भरपूर आनंद लिया और आधुनिक, सुरक्षित तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को करीब से समझने का अवसर प्राप्त किया।

# कालीचरण जी ने नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य पद का ग्रहण किया कार्यभार

मोर्निंग सिटी



**अलीगढ़।** नौरंगी लाल राजकीय इंटर कॉलेज में शनिवार को काली चरण जी ने प्रधानाचार्य पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला समन्वयक राजीव कुमार अग्रवाल ने बुके भेट किया एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दी ।इस अवसर पर काली चरण जी ने कहा कि विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी,साथ ही प्रधानाचार्य ने कहा कि नौरंगी लाल राजकीय इंटर कॉलेज अलीगढ़ को प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का आह्वान किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व एवं प्रशासनिक अनुभव से विद्यालय शिक्षा, खेल, विज्ञान, नवाचार एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के अंत में समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने नवागत प्रधानाचार्य के सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# एक तरफ भरपूर स्पेयर पार्ट्स का दावा, दूसरी तरफ बिना टायर खड़ी नई रोडवेज बसें

मोर्निंग सिटी



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के उच्च अधिकारी लगातार दावा कर रहे हैं कि रोडवेज बसों के रखरखाव के लिए स्पेयर पार्ट्स और अन्य आवश्यक सामान की कोई कमी नहीं है। लेकिन दूसरी ओर अलीगढ़ डिपो में नई बसों के बिना टायर खड़े होने की तस्वीरें कई सवाल खड़े कर रही हैं ।डिपो परिसर में खड़ी नई बसों के पहिए निकले होने से यह चर्चा शुरू हो गई है कि यदि रखरखाव के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, तो नई बसें लंबे समय तक इस स्थिति में क्यों खड़ी हैं। यात्रियों का कहना है कि नई बसों को जल्द से जल्द संचालन में लाया जाना चाहिए, ताकि उन्हें बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके ।परिवहन निगम के अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बसों के पहिए निकाले जाने का वास्तविक कारण क्या है और वे कब तक संचालन के लिए तैयार होंगी ।फिलहाल, डिपो की यह तस्वीरें निगम के रखरखाव तंत्र और बस संचालन व्यवस्था को लेकर सवाल जरूर खड़े कर रही हैं।

# श्रीराम सेवा समिति के तीजोत्सव में परंपरागत परिधान में दिखी महिलायें

मोर्निंग सिटी



**आगरा।** एक ही रंग के परंपरागत भारतीय परिधान में भारतीय संस्कृति का परचम लहराती हुई महिलाएं ऐसे प्रतीत हो रही थी मानो हरित क्रांति आ गई हो। उनके चेहरों पर सावन के त्योहार पर मायके जाने की खुशी साफ झलक रही थी। ये नजारा था वाटर वर्क्स स्थित अतिथिवन में श्री राम सेवा समिति के हरियाली तीज महोत्सव का।

संस्थापक बॉबी अग्रवाल जौनई व नीतू अग्रवाल ने कहा कि हरियाली तीज सर्वसमाज का त्यौहार है। हमारी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है और इस तरह के आयोजनों से न केवल परंपराओं को संरक्षित किया जा सकता है, बल्कि समुदाय में एकता और सौहार्द भी बढ़ता है। अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता व महामंत्री देवेश अग्रवाल ने कहा कि हरियाली तीज पर सर्वश्रेष्ठ परिधान, सोलह श्रृंगार, नृत्य और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओ में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सावन का महीना पवन करे शोर, तीज आयी रे सखी, झूला तो पड़ गए अमुआ की डाल पे.. आदि लोकगीतों पर जमकर नृत्य कर ठुमके लगाए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही। तीज क्वीन का खिताब प्रीति गोयल के सर सजा। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने का संकल्प लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए।

मंच संचालन राखी अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कुमकुम उपाध्याय, रमा गुप्ता, आयुषी अग्रवाल, कुसुम लता, नंदनी अग्रवाल, गायत्री गुप्ता, सीमा अग्रवाल, अंजना वर्मा, राजू मेहता, शेंकी जैन, लक्ष्मी नारायण, संदीप वर्मा, आदि मौजूद रही।

# यूपी स्टेट क्रिएटर अवॉर्ड-2026 से आगरा की ओमनी हुई सम्मानित


मोर्निंग सिटी



**आगरा।** नमस्ते फाउंडेशन की ओर से यूपी स्टेट क्रिएटर अवॉर्ड-2026 का आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित जीनियट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा संस्था के अध्यक्ष नवनीत शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष नवनीत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेशभर के प्रतिभाशाली डिजिटल क्रिएटर्स को एक मंच पर लाकर उनके रचनात्मक कार्यों को सम्मानित करना है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से करीब 375 सोशल मीडिया क्रिएटर्स एवं इन्फ्लुएंसर्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम में डिजिटल मीडिया के बदलते स्वरूप, जिम्मेदार कंटेंट निर्माण तथा समाज में सोशल मीडिया की सकारात्मक भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया। समारोह में आगरा की लोकप्रिय डिजिटल क्रिएटर 'क्रेजी लाइफ ब्लॉग' की ओमनी को सोशल मीडिया पर सकारात्मक, रचनात्मक एवं समाजोपयोगी कंटेंट प्रस्तुत करने के लिए यूपी स्टेट क्रिएटर अवॉर्ड-2026 से मंच से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। ओमनी ने कहा कि ईमानदारी और निस्वार्थ भाव से काम किया जाए तो उसकी पहचान अवश्य बनती है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पति, माता-पिता और परिवार को देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य कभी केवल फॉलोअर्स या लोकप्रियता हासिल करना नहीं रहा, बल्कि लोगों तक सच्चा, सकारात्मक और उपयोगी कंटेंट पहुंचाना रहा है।

# मीट फैक्ट्री विवाद ने पकड़ा तूल, शिकायतकर्ता ने जानलेवा हमले का लगाया आरोप

मोर्निंग सिटी



**अलीगढ़।** अलीगढ़ में एक बार फिर एक मीट फैक्ट्री विवाद सुर्खियों में आ गया है। इस बार मामला केवल शिकायतों तक सीमित नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता ने फैक्ट्री से जुड़े लोगों पर जानलेवा हमला कराने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है ।मामला थाना जवां क्षेत्र का है। रठगांव निवासी जाहिद पुत्र मुख्तार का आरोप है कि उसने फेयर मीट फैक्ट्री में कथित रूप से गर्भवती भैंसों के कटान की शिकायत विभिन्न स्तरों पर की थी। इसी प्रकरण में फैक्ट्री के चार कर्मचारियों के विरुद्ध मामला अलीगढ़ न्यायालय में विचाराधीन है। शिकायतकर्ता का दावा है कि न्यायालय द्वारा चारों आरोपियों के खिलाफ समन जारी होने के बाद आरोपी पक्ष उससे रंजिश रखने लगा ।जाहिद के अनुसार, 31 जुलाई 2026 की रात करीब 10:45 बजे वह एफएम टावर से रठगांव लौट रहा था। आरोप है कि गांव मिजार्पुर के पास एक सफेद रंग की कार में सवार करीब पांच लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल रोक ली और उसे जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गया ।पीड़ित का कहना है कि उसने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उसका आरोप है कि पुलिस ने उसकी तहरीर तो ले ली, लेकिन तत्काल न तो मेडिकल परीक्षण कराया गया और न ही मुकदमा दर्ज किया गया ।शनिवार को पीड़ित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत देते हुए अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की। उसने फैक्ट्री के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग भी की ।शिकायतकर्ता का दावा है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना जवां पुलिस को मेडिकल परीक्षण कराने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं ।जाहिद ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष उस पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। उसने स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि संबंधित मीट फैक्ट्री से जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई हो चुकी है।

# संदिग्ध मौत के मामले में कब्र से निकालकर युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

मोर्निंग सिटी



**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई एक युवती की मौत के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतका का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी की गई।

पुलिस के अनुसार, युवती की मृत्यु के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। बाद में एक व्यक्ति द्वारा प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि युवती की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए ।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर नियमानुसार कब्र से शव को बाहर निकाला गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई तथा इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, मृतका के पिता तथा शिकायतकर्ता मौके पर मौजूद रहे ।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी ।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी के आदेशानुसार विधि-सम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सितंबर से अलीगढ़ की सड़कों पर नहीं बिखरेगा कचरा

मोर्निंग सिटी



**अलीगढ़।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने बड़ी पहल की है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश पर आगामी सितंबर माह से नगर निगम के सभी 90 वार्डों में अत्याधुनिक टिप कार्ट मशीन व्यवस्था लागू की जाएगी। इस नई तकनीक के माध्यम से हाथगाड़ी और साइकिल रिक्शा से एकत्रित कचरा बिना सड़क पर बिखरे सीधे वाहन में स्थानांतरित किया जाएगा ।शनिवार को घर-घर से कूड़ा संग्रहण का कार्य कर रही अर्बन कंपनी द्वारा टाटा एसीई वाहन पर लगाए गए टिप कार्ट मशीन का नगर आयुक्त के समक्ष प्रदर्शन किया गया। मशीन की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने के बाद नगर आयुक्त ने इसे सभी वार्डों में लागू करने के निर्देश दिए ।नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि टिप कार्ट मशीन हाइड्रोलिक एवं मैकेनिकल तकनीक पर आधारित प्रणाली है, जो हाथगाड़ी, ट्रॉली और साइकिल रिक्शा से एकत्रित कचरे को बिना हाथ लगाए सीधे वाहन में डालती है। इससे रास्ते में कचरा गिरने, दुर्गंध फैलने और सफाई कर्मचारियों को होने वाली कठिनाइयों से काफी हद तक राहत मिलेगी ।उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने से गली-मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर कचरा बिखरने की समस्या समाप्त होगी, सफाई कर्मचारियों का कार्य अधिक सुरक्षित एवं आसान होगा, कचरा परिवहन में समय और श्रम की बचत होगी तथा शहर की स्वच्छता रैंकिंग में भी सुधार आएगा ।नगर निगम ने सितंबर तक शहर की प्रमुख सड़कों और सभी वार्डों को कचरा मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रत्येक वार्ड में टिप कार्ट मशीन उपलब्ध रहेगी, जिससे सफाई कर्मचारी सीधे कचरा वाहन में डाल सकेंगे और खुले में कचरा फैलने की संभावना समाप्त हो जाएगी ।महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक अलीगढ़ हमारा संकल्प है। नगर निगम द्वारा सभी 90 वार्डों में टिप कार्ट मशीन लागू करने का निर्णय सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे कचरा बिखरने की समस्या खत्म होगी और सफाई कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी ।नगर निगम का मानना है कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से शहर की सफाई व्यवस्था और अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल बनेगी, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

# मेड़बंदी व पैमाइश विवादों का राजस्व संहिता की धारा-24 के तहत कराएं निस्तारण-डीएम

मोर्निंग सिटी



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन की उपस्थिति में तहसील अतरौली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में मेड़बंदी, पैमाइश, विद्युत, उर्वरक वितरण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की शिकायत गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 85 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराते हुए जिलाधिकारी ने अवशेष शिकायतों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित कराने के निर्देश दिए ।मेड़बंदी एवं पैमाइश से जुड़े प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे विवाद संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में प्राप्त होते हैं। इनका स्थायी समाधान उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-24 के अंतर्गत उपलब्ध विधिक व्यवस्था के अनुसार कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि की सीमा संबंधी विवादों में संबंधित पक्षों को एसडीएम न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने के लिए जागरूक करें, ताकि नियमानुसार पैमाइश, सीमांकन एवं न्यायोचित निर्णय के माध्यम से विवाद का स्थायी निस्तारण हो सके ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने आपसी झगड़े, उत्पीड़न एवं घरेलू विवाद से संबंधित प्रकरणों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया ।जिलाधिकारी ने पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की भी समीक्षा की। विद्युत विभाग की एक शिकायत का संतोषजनक निस्तारण न पाए जाने पर उन्होंने उपखंड अधिकारी मनोज कुमार को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिए कि शिकायतों में केवल औपचारिक आख्या न लगाई जाए, बल्कि मौके पर जाकर तथ्यात्मक एवं वास्तविक जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस के दौरान उत्तर प्रदेश लेखपाल महासंघ के बैनर तले तहसील के लेखपालों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अतरौली नारायण सिंह, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार मयंक गोयल एवं शाने हैदर समेत सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गांव बरसै में जर्जर दीवार के मलबे में दबने से महिला घायल

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** गांव बरसै में अचानक एक जर्जर दीवार भरभराकर ढह गई। जिसके मलबे में दबकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार गांव बरसै निवासी गुड्डी देवी पत्नी भगवान सिंह अपने घर से किसी कार्य हेतु पास की दीवार के सहारे होकर गुजर रही थीं, तभी वह पुरानी और जर्जर दीवार अचानक ढह गई। जब तक वह संभल पाती, तब तक वह मलबे के नीचे पूरी तरह दब गईं। घटना के दौरान गुड्डी देवी के मुंह से चीख निकल गई। जिसे सुनकर पडौसी एवं अन्य लोग एकत्र हो गये। उधर जानकारी होने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर गुड्डी को बाहर निकाला और परिजन घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज जारी है।

## श्रीराम कथा का भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** कस्बा के रामलीला मैदान में दाऊ बाबा सेवा मंडल के बैनरतले भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शहर में प्रभातफेरी की। शनिवार करीब सुब नौ बजे आकर्षक बैंड-बाजों और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकाली गई शोभायात्रा श्री रामलीला मैदान से शुरू हुई और पूरे शहर में भ्रमण करती हुई पुनः रामलीला मैदान पहुंची। जगह-जगह मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के बाद श्रीराम कथा में प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा, धर्म और मानवता पर आधारित प्रसंगों का वर्णन किया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलीला मैदान में उपस्थित रहे। आयोजन के यजमान विजय कुमार शर्मा, शालनी शर्मा और संजय उपाध्याय ने यज्ञाचार्य खगेंद्र शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनयज्ञ में आहूतियां देते हुए, सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की गई। आयोजकों ने बताया कि श्रीराम कथा के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन भगवान श्रीराम की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ

## डीआईजी प्रभाकर चौधरी ने कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** अलीगढ़ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रभाकर चौधरी ने शनिवार को सिकंद्राराऊ-कासगंज कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा एवं क्षेत्राधिकारी सिकंद्राराऊ अमित पाठक भी मौजूद रहे।डीआईजी ने बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, पुलिस पिकेट, गश्त, सीसीटीवी, ड्रोन निगरानी और कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर तैनात पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता से ड्यूटी निभाएं और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा, एंटी रोमियो टीम की सक्रियता तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कांवड़ियों से संवाद कर सुरक्षा एवं सुविधाओं का फीडबैक लिया। श्रद्धालुओं ने पुलिस द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंधों और सहयोगात्मक कार्यशैली की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया।

## डिजिटल उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन


मोर्निंग सिटी

**हाथरस।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति व्यवस्था का विरोध किया। संघ ने मांग की कि 31 जुलाई के आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए।संघ का कहना है कि 16 जुलाई 2024 को शासन ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट आने तक डिजिटल उपस्थिति लागू करने पर रोक लगाई थी। ऐसे में केवल हाथरस में इसे लागू करना शासन के निर्देशों के विपरीत और शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण है। शिक्षकों ने नेटवर्क, आधारभूत सुविधाओं और व्यावहारिक कठिनाइयों का भी हवाला दिया।जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षक तकनीक के विरोधी नहीं हैं, लेकिन प्रदेश स्तर पर एक समान नीति बनने तक हाथरस में जबरन डिजिटल उपस्थिति लागू करने का विरोध जारी रहेगा। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र और संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आज से मिलेगी सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, एसआरएच हॉस्पिटल में नई योजना शुरू

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** जनपदवासियों को किफायती दरों पर आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री अग्रवाल युवा मंडल मेडिकल स्टोर एवं एसआरएच मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 2 अगस्त से विशेष स्वास्थ्य योजना शुरू की जा रही है। योजना का उद्घाटन सुबह 11 बजे शहर के प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी रामकुमार अग्रवाल (नमकीन वाले) करेंगे।योजना के तहत मरीजों को मात्र 50 रुपये में ओपीडी, पैथोलॉजी जांच पर 50 प्रतिशत, दवाइयों पर 20 प्रतिशत तथा आईपीडी उपचार पर 30 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए निर्धारित रजिस्ट्रेशन केंद्रों पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।श्री अग्रवाल युवा मंडल मेडिकल स्टोर के अध्यक्ष बृजेश गोयल, महामंत्री अमित गोयल, कोषाध्यक्ष गौरव तायल तथा एसआरएच हॉस्पिटल के डायरेक्टर हर्ष अग्रवाल ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर पंजीकरण केंद्र बनाए गए हैं, जहां सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक पंजीकरण कराकर नागरिक योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## दामिनी वार्ष्णेय रेलवे की अधिवक्ता नियुक्त, अधिवक्ता जगत में खुशी



**मोर्निंग सिटी हाथरस।** शहर की युवा अधिवक्ता दामिनी वार्ष्णेय को उत्तर पूर्वी रेलवे, गोरखपुर के महाप्रबंधक (विधि) कार्यालय द्वारा जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में रेलवे की ओर से वादों की पैरवी के लिए रेलवे अधिवक्ता नियुक्त किया गया है।दामिनी वार्ष्णेय की नियुक्ति को उनके विधि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और दक्षता का सम्मान माना जा रहा है। इस उपलब्धि पर अधिवक्ता समुदाय एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि उनकी नियुक्ति से हाथरस का गौरव भी बढ़ा है।इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश बंसल, महासचिव विनोद कुमार शर्मा (बंटी भैया), राजेश गौतम, पुष्पेंद्र गौतम, राघव वार्ष्णेय, प्रियंका पुंडीर, ममता चतुर्वेदी, तुलसी यादव, कुमकुम सिंह सहित अनेक अधिवक्ताओं एवं समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट से गांव-गांव होगी खून की जांच

**मोर्निंग सिटी सासनी।** महान फूड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई गई मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ अलीगढ़ मंडल के आयुक्त ने तहसील सासनी में किया। इस यूनिट के माध्यम से अब गर्भवती महिलाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की खून की जांच गांव-गांव जाकर की जाएगी।शुभारंभ के दौरान 28 लोगों की जांच की गई, जिनमें 10 गर्भवती महिलाएं और दो बालिकाएं शामिल रहीं। जांच के बाद जरूरतमंदों का उपचार स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराया जाएगा। आयुक्त ने गर्भवती महिलाओं को फल-सब्जियों की टोकरी और लोहे की कढ़ाई भेंट कर पोषण एवं एनीमिया से बचाव का संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी भी ली।कार्यक्रम में जिलाधिकारी अतुल वत्स, पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी सासनी के चिकित्सा अधीक्षक, महान फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 80 मरीजों की जांच, विशेषज्ञ चिकित्सक ने दिए परामर्श




मोर्निंग सिटी

**हाथरस।** निस्वार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्रीमती अंगूरी देवी रतन सिंह स्वर्णकार आर.डी. हॉस्पिटल में शनिवार को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान श्रीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के बाद संस्थापक विष्णु अग्रवाल ने फीता काटकर किया।शिविर में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अनुभव राकेश सोनी ने हृदय, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, श्वास, पेट, किडनी समेत विभिन्न बीमारियों से संबंधित मरीजों की जांच कर चिकित्सीय परामर्श दिया। करीब 80 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच निःशुल्क की गई, जबकि ईसीजी रियायती दर पर और अन्य रक्त जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई।

संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि संस्था भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम में संस्थान, आर.डी. हॉस्पिटल के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वयंसेवक एवं सहयोगी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद निकुंज ने किया कार्यशाला का आयोजन

मोर्निंग सिटी



**आगरा।** भारत विकास परिषद निकुंज शाखा की ओर से फतेहाबाद रोड स्थित होटल रॉयल सरोवर पोर्टिको में कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय संयोजक एनसीआर-1 एवं संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल, संरक्षक विनय सिंघल, सुभाष कुमार वर्मा, प्रांतीय महासचिव विवेक अग्रवाल तथा मार्गदर्शक अंजू सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

शाखा अध्यक्ष राजेश कुमार गर्ग ने बताया कि दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कार्यशाला हुई, जिसमें परिषद के पंचसूत्र–संस्कार, सेवा, संपर्क, समर्पण और सहयोग–के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में पंकज बंसल ने संपर्क, कन्हैया अग्रवाल ने सेवा, संजय अग्रवाल ने संस्कार, आशीष गर्ग ने पर्यावरण तथा सपना गर्ग ने महिला सहभागिता विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष की संगठनात्मक भूमिका और प्रभावी दायित्व निर्वहन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सचिव श्रीभगवान सिंघल व कोषाध्यक्ष सीए प्रवीण कुमार गर्ग ने बताया कि द्वितीय सत्र में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत भारत सरकार के उपक्रम मेकॉन लिमिटेड के निदेशक मण्डल में शामिल होने पर डॉ. तरुण शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा महापुरुषों पर आधारित देशभक्ति प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कुसुम सिंघल, गार्गी अग्रवाल, अमित गर्ग, प्रवीण मित्तल, सीए अभिषेक अग्रवाल, लवेश मंगल, दिलीप गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, विनोद गर्ग, मुकुंद बंसल, हिमांशु गुप्ता, पंकिल गर्ग, पारस अग्रवाल, अभिष अग्रवाल, लव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता कल्याण परिषद ने नए पूर्ति अधिकारी से की चर्चा

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नवागत जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम से उनके कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में भेंट की। यह भेंट समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिसोदिया के नेतृत्व में हुई।

इस दौरान समिति के विभिन्न पदाधिकारियों का परिचय कराया गया और आम जनता से जुड़ी उपभोक्ता समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने इस अवसर पर कहा कि विभाग और उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति जनहित से जुड़े मामलों का प्रभावी समाधान मिलकर करेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण का आश्वासन दिया तथा समिति के सहयोग की सराहना की। समिति के पदाधिकारियों ने श्री गौतम को पटका पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने श्री गौतम के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दीं।इस प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष रनसिंह सिसोदिया, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सरिता कौशिक, महामंत्री महिला मोर्चा रीना गौतम, जिला उपाध्यक्ष राजरानी, जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह पौरुष और नगर अध्यक्ष कपिल राघव के. सी. महाशय सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## सावन में श्रद्धालुओं को मिली बड़ी सौगात, अलीगढ़ रोड पर जलीं आधुनिक एलईडी स्ट्रीट लाइटें

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** सावन माह में कांवड़ यात्रा को देखते हुए नगर पालिका परिषद हाथरस ने श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सौगात दी है। राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत वार्ड संख्या 11 एवं 18 में अलीगढ़ रोड स्थित मंडी समिति और तहसील के सामने 7 मीटर ऊंचे पोलों पर स्थापित आधुनिक 90 वाट एलईडी स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजेश कुमार दिवाकर भी मौजूद रहे।पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा कि सावन माह में अलीगढ़ रोड से बड़ी संख्या में कांवड़ श्रद्धालु गुजरते हैं। ऐसे में बेहतर प्रकाश व्यवस्था से रात्रिकालीन आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में गुणवत्तापूर्ण आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जनहित से जुड़े विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं।पूर्व सांसद राजेश कुमार दिवाकर ने कहा कि मजबूत आधारभूत सुविधाएं किसी भी शहर के विकास का महत्वपूर्ण आधार होती हैं। नई एलईडी स्ट्रीट लाइटों से न केवल कांवड़ यात्रियों बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था का लाभ मिलेगा।लोकार्पण समारोह में वार्ड 11 के सभासद धर्मेंद्र पिप्पल, वार्ड 18 के सभासद दिनेश उपाध्याय, सभासद अशोक गोला, सुंदरम शर्मा, हिमांशु कौशिक, दिनेश सिंह (नन्हे), सूरज माहौर, अनिल शर्मा (ईएसएल), राहुल शर्मा (पतंजलि), सत्यभान सिंह, लाइट इंस्पेक्टर योगेश भारद्वाज, लाइट इंस्पेक्टर सत्यवीर पलवान, विष्णु सारस्वत, कृष्णा चौधरी सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## हनुमान गली में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में पांच और दस रुपये के सिक्के बरामद

### डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर की छापेमारी, स्रोत नहीं बता सका परिवार, जांच शुरू

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** शहर की हनुमान गली में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में प्रचलित भारतीय मुद्रा बरामद की। जिलाधिकारी अतुल वत्स के निर्देश पर एसडीएम सदर राजबहादुर सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान नवीन पुत्र अनूप कुमार के आवास से बड़ी संख्या में पांच और दस रुपये के सिक्के बरामद हुए। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।प्रशासनिक टीम ने मौके पर मौजूद परिवारजनों से बरामद मुद्रा के संबंध में पूछताछ की, लेकिन वे धनराशि के स्रोत से जुड़े कोई संतोषजनक दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। मामले की संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान कई कट्टों में भरे सिक्के मिले। स्थानीय लोगों के अनुसार इनकी संख्या काफी अधिक है। हालांकि प्रशासन ने अभी बरामद मुद्रा की आधिकारिक मात्रा या मूल्य की पुष्टि नहीं की है। जब्त किए गए सिक्कों की गिनती जारी है और गिनती पूरी होने के बाद कुल राशि सार्वजनिक की जाएगी।एसडीएम सदर राजबहादुर सिंह ने बताया कि बरामद प्रचलित भारतीय मुद्रा को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए कोतवाली सदर पुलिस के सुपुर्द किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों की टीम गठित कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन यह भी जांच कर रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में सिक्के किस माध्यम से एकत्र किए गए, उनका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाना था तथा क्या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है।इस बीच फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि प्रचलित भारतीय मुद्रा को गलाने अथवा किसी अन्य अवैध उद्देश्य से एकत्र किया गया है तो ऐसे समाज विरोधी और राष्ट्रविरोधी कृत्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के अवैध कार्य करने का साहस न कर सके।फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले के संबंध में अंतिम स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आरएएम) पार्टी के हाथरस इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा एवं जिला महासचिव/प्रभारी निशांत उपाध्याय के नेतृत्व में लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचकर पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री तथा प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप अवस्थी से मुलाकात की।बैठक के दौरान युवा छात्रों से जुड़े यूजीसी के नए नियमों (यूजीसी रेगुलेशन) पर विस्तृत चर्चा हुई। पार्टी पदाधिकारियों ने इस विषय पर संगठन की भावी रणनीति एवं छात्रों के हितों को लेकर विचार-विमर्श किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप अवस्थी को हाथरस जनपद के हाथरस, सिकंदराराऊ, सादाबाद, सासनी एवं मुरसान क्षेत्र के 118 पदाधिकारियों तथा लगभग 2,650 सदस्यों की सूची सौंपते हुए संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी।राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों, वार्डों, ब्लॉकों और तहसीलों में शीघ्र कमेटियों का गठन पूरा किया जाए, ताकि आगामी चुनावों में संगठन मजबूती के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।बैठक के दौरान विजय कुमार शर्मा ने बताया कि सासनी के रामलीला मैदान में 11 अगस्त 2026 तक श्रीराम कथा एवं श्रीरामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा का वाचन कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज द्वारा किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया, जिसे दोनों नेताओं ने स्वीकार करते हुए सासनी आने का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, जिला महासचिव एवं प्रभारी निशांत उपाध्याय, सासनी नगर अध्यक्ष कालू पंडित तथा पूर्व भाजपा विस्तारक संजीव गोयल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सिकंदराराऊ स्टेशन पर टिकट आरक्षण सुविधा बहाल करने की मांग

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुकुल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि को ज्ञापन सौंपकर सिकंदराराऊ रेलवे स्टेशन पर बंद पड़ी टिकट आरक्षण (रिजर्वेशन) सुविधा को दोबारा शुरू कराने की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि हाथरस और कासगंज के बीच सिकंदराराऊ प्रमुख रेलवे स्टेशन है, जहां से प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं। पिछले करीब दो वर्षों से आरक्षण केंद्र बंद होने के कारण यात्रियों को टिकट बुक कराने के लिए अलीगढ़, हाथरस या कासगंज जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।भाजपा पदाधिकारियों ने सांसद से रेलवे अधिकारियों से वार्ता कर जनहित में सिकंदराराऊ स्टेशन पर टिकट आरक्षण सुविधा शीघ्र बहाल कराने की मांग की। इस दौरान भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीआईओएस संत प्रकाश के सेवानिवृत्ति पर भव्य विदाई समारोह



मोर्निंग सिटी

**हाथरस।** भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल में जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक संत प्रकाश के सेवानिवृत्ति अवसर पर भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विद्या वर्तके ने की।समारोह का शुभारंभ छात्राओं के स्वागत गान से हुआ। वक्ताओं ने संत प्रकाश के छात्र-शिक्षक हितैषी, निष्पक्ष एवं अनुकरणीय कार्यकाल की सराहना की। इस दौरान बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता स्काउट-गाइड्स को सम्मानित किया गया तथा नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को अधिकार पत्र भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम के अंत में स्काउट-गाइड पदाधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने संत प्रकाश का सम्मान कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## भैंस का सींग तोड़ा, विरोध करने पर महिला को दी जान से मारने की धमकी

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** गांव विजाहरी स्थित पावन धाम कॉलोनी में पशु बांधने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के लोगों ने महिला की भैंस को डंडों से पीटकर उसका सींग तोड़ दिया और विरोध करने पर पीड़िता व उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने तहसील दिवस अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को तहसील दिवस में शिकायत करते हुए विजाहरी निवासी अमित कुमार की पत्नी मीना ने बताया कि शुक्रवार तीस जुलाई को दोपहर करीब एक बजे वह अपने पशुओं को पावन धाम कॉलोनी स्थित अपने प्लॉट पर बांधकर आई थीं। आरोप है कि उसी समय गांव के ही रश्मि, बबलू और मनोज ने उन्हें धमकी दी कि पशु बांधना बंद नहीं किया तो वे उनके पशुओं की हड्डियां तोड़ देंगे। इस धमकी के करीब एक घंटे बाद ही आरोपियों ने पीड़िता की करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत की भैंस को डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे भैंस का सींग टूट गया और वह लहूलुहान हो गई। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने इस बात का विरोध किया और कहा कि एक महीने पहले भी आरोपियों ने उनके पड्ड़े (पशु) की पूंछ काट दी थी, तो आरोपियों ने एकजुट होकर उन्हें धमकाया। आरोपियों ने कहा कि अगर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई तो वे पीड़िता के बेटे को जान से मार देंगे। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उनसे पुरानी रंजिश रखते हैं और इससे पहले भी कई बार उनकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने अब अपने बेटे और पशुओं की जान को खतरा बताते हुए तहसील दिवस में रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# सड़क पर पशुओं का जमावड़ा बना परेशानी का सबब

## घर में पर्याप्त स्थान न होने पर मार्ग के किनारे बांधे जा रहे पशु

मोर्निंग सिटी



**कासगंज।** अमांपुर कस्बा में पशुपालक सार्वजनिक स्थालों पर अपने पशुओं को बांध रहे हैं। घर में उपयुक्त स्थान होने के बाद भी पशुओं को पशुओं को पाला जा रहा है। मगर इससे राहगीरों और लोगों को परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी पशुपालकों में सुधार नहीं हो रहा है। अमांपुर कस्बा के कई सार्वजनिक स्थलों पर मार्ग के किनारे पशुपालक अपने पशुओं को बांध रहे हैं।

राजेंद्र नगर, कोतवाली, डाकघर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जाने वाली सड़क पर हमेशा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। पशुओं के सड़क पर बांधे रहने से वाहन चालकों और राहगीरों एवं मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं को आने-जाने में खासी दिक्कत होती है। लोगों का चलना दूभर हो गया है। कस्बे के राजेंद्र नगर में सड़क के बीच में बैठी भैंसे व अन्य मवेशियों के कारण यातायात बंधित होता है। और सड़क पर गंदगी फैलाते हैं। शासन के सख्त आदेश हैं कि कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्र की गलियों में ग्रामीण अपने पशु व जानवर न बांधे। आदेश के बावजूद अधिकांश दबंग लोग अपने पशु सड़क पर ही बांधते हैं। यह लोग शासन के आदेश को हवा में उड़ा रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत अधिकारियों व पुलिस से कई बार शिकायत की है। लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। कस्बे के वीरपाल यादव, भंवर सिंह, राकेश पाराशर, विजय प्रकाश गुप्ता, अनुज सोलंकी, आशुतोष गुप्ता, कैलाश शाक्य, सुखबीर चैहान, सोभित सोलंकी, सनय यादव, अखंड यादव, सभासद बबलू यादव, सभासद राजकुमार, राधेश्याम सविता, दाताराम, मनोज कुमार, अंकित पाराशर, सुखबीर शाक्य, जितेंद्र आदि ने जिलाधिकारी महोदय से समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। ईओ विनय कुमार शुक्ला ने बताया कि अमांपुर कस्बा के गली-मोहल्लों में जांच कराई जाएगी जो भी पशुओं को पशुओं को सड़क पर बांधकर अतिक्रमण कर रहा है। उसे नोटिस भेजे जाएंगे।

# परिवार परामर्श केंद्र में दो बिखरते परिवार फिर हुए एक, काउंसिलिंग से बनी सहमति



मोर्निंग सिटी

**कासगंज।** परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक बैठक के दौरान दो वैवाहिक विवादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। केंद्र के सदस्यों की काउंसिलिंग और समझाइश के बाद दोनों मामलों में पति-पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर दोबारा साथ रहने के लिए सहमत हो गए। इससे टूटने की कगार पर पहुंचे दोनों परिवारों में फिर से खुशियां लौट आईं।

बैठक के दौरान संजना पुत्री धनीराम निवासी अमरपुर, थाना सहावर और उनके पति केशव सिंह पुत्र विद्याराम निवासी जमालपुर, थाना सहावर के मामले की सुनवाई की गई। इसके अलावा शशी पुत्री ब्रजेश निवासी नगला सुन्दर, थाना जैथरा (जनपद एटा) तथा उनके पति सूर्यकान्त पुत्र कदम सिंह निवासी खुशालपुर, जनपद कासगंज के विवाद पर भी विस्तार से चर्चा हुई। दोनों दंपतियों के बीच लंबे समय से चल रहे मतभेदों के कारण रिश्ते टूटने की स्थिति बन गई थी। परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक उनकी जिम्मेदारियों और पारिवारिक जीवन के महत्व के बारे में समझाया। काउंसिलिंग के दौरान पति-पत्नी ने अपनी-अपनी पिछली गलतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य में प्रेम, विश्वास और आपसी सहयोग के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया। इसके बाद दोनों मामलों में आपसी समझौता संपन्न कराया गया। बैठक में महिला आरक्षी कल्पना, काउंसलर डॉ. अनीता उपाध्याय, प्रिया सहित परिवार परामर्श केंद्र के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने कहा कि संवाद और आपसी विश्वास से अधिकांश पारिवारिक विवादों का समाधान संभव है तथा परिवारों को टूटने से बचाया जा सकता है।

## मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन 05 अगस्त 2026 तक आमंत्रित

**मोर्निंग सिटी कासगंज।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कासगंज ने जनसामान्य को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राज्य सेक्टर योजनाओं के लिए विभागीय पोर्टल पिीमतपमेण्नचण्हवअण्पद को 05 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन हेतु खोला गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना, खारे पानी में तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश, विशिष्ट प्रकार की मत्स्य बीज हैचरी स्थापना, प्रदेश में मोती संवर्धन इकाई निर्माण, मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मोपेड विद आइस बॉक्स तथा श्रेणी-1, 2 एवं 3 के जलाशयों में केज स्थापना योजना के लिए इच्छुक लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजनाओं की इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख एवं विस्तृत दिशा-निर्देश विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। पूर्व वर्षों में निरस्त अथवा प्रतीक्षारत आवेदक भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। यदि भविष्य में योजनाओं के प्रावधानों में कोई संशोधन किया जाता है, तो संशोधित प्रावधान ही प्रभावी होंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, विकास भवन, कासगंज से संपर्क कर सकते हैं।

## कासगंज जिला न्यायालय को मिली बड़ी सौगात, छह नए न्यायालय कक्षों का ई-लोकार्पण

**मोर्निंग सिटी कासगंज।** जनपद न्यायालय, कासगंज के लिए शनिवार का दिन न्यायिक इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायमूर्ति श्री अरुण भंसाली एवं वरिष्ठ न्यायाधीशध्अध्यक्ष अवस्थापना समिति माननीय न्यायमूर्ति श्री महेश चन्द्र त्रिपाठी ने जनपद न्यायालय परिसर में निर्मित छह नवीन न्यायालय कक्षों का ई-लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री अब्दुल शाहिद की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। लोकार्पण के बाद प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया तथा न्यायालय भवन का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश श्री रामेश्वर, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कृष्ण यादव, जिलाधिकारी प्रणय सिंह, पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सहित जनपद के सभी न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री योगेश शर्मा, सचिव श्री दुष्यन्त गौतम, अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मचारी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अवसंरचना के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया गया कि नए न्यायालय कक्षों के निर्माण से न्यायिक अधिकारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा तथा अधिवक्ताओं और वादकारियों को अधिक सुविधाजनक एवं सुव्यवस्थित न्यायिक सेवाएं प्राप्त होंगी। उपस्थित सभी अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने इसे कासगंज की न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक कदम बताते हुए विश्वास जताया कि इससे त्वरित, प्रभावी और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य को नई गति मिलेगी।

## पुलिस ने गिरफ्तार किए दो वारंटी

**मोर्निंग सिटी कासगंज।** जनपद पुलिस ने क्षेत्र से दो वारंटी गिरफ्तार किए हैं। इन्हें अग्रिम कार्रवाई के बाद संबंधित न्यायालय में पेश किया गया है। इंस्पेक्टर सहावर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि थाना पुलिस ने वारंटी सुरजीत पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला भीमनगर सहावर को गिरफ्तार किया है। पटियाली इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि थाना पुलिस ने वारंटी जितेन्द्र कुमार पुत्र रामसरन निवासी धिमरियाई थाना पटियाली को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

# ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं में कासगंज का उत्कृष्ट प्रदर्शन, ऑनलाइन प्रमाणपत्र आवेदनों के निस्तारण में प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान

मोर्निंग सिटी

**कासगंज।** जनपद कासगंज ने एक बार फिर ई-गवर्नेंस एवं नागरिक सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन प्रमाणपत्र आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जुलाई 2026 में जनपद कासगंज ने 97.27 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में सर्वाधिक निस्तारण प्रतिशत वाला जिला रहा है।

ई-डिस्ट्रिक्ट उत्तर प्रदेश शासन की एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है, जिसके माध्यम से नागरिक आय, जाति, निवास, तथा अन्य विभिन्न प्रमाणपत्रों एवं सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस व्यवस्था से नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिली है तथा सेवाओं की पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित हुई है। जिलाधिकारी श्री प्रणय सिंह के कुशल नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में जनपद कासगंज में ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के प्रभावी संचालन हेतु नियमित समीक्षा, सुदृढ़ मॉनिटरिंग तथा विभागीय समन्वय को प्राथमिकता दी गई। जुलाई माह के दौरान प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विशेष प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप जनपद को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंसुल माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई 2026 के दौरान जनपद कासगंज में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर कुल 24,083 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 23,425 आवेदनों का निस्तारण किया गया, जिनमें 21,667 आवेदन स्वीकृत किए गए। इस प्रकार जिले की कुल निस्तारण दर 97.27 प्रतिशत रही, जो प्रदेश में सर्वाधिक है।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित विभागों, तहसील स्तरीय अधिकारियों, ई-डिस्ट्रिक्ट टीम तथा कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता टीमवर्क, सतत निगरानी और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी समर्पण और दक्षता के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को घर बैठे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे समय एवं संसाधनों की बचत होने के साथ-साथ शासन और जनता के सेवा वितरण प्रणाली और अधिक सरल, पारदर्शी तथा प्रभावी बन रही है।

# यूपीः विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार से, चार अगस्त को आएगा अनुपूरक बजट; ट्रैफिक बदलाव का आदेश जारी

लखनऊ

विधानमंडल का मानसून सत्र में चार अगस्त को सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुपूरक अनुदानों की मांगें चार अगस्त को दोपहर 12:20 बजे सदन में पेश करेगी। इस सत्र के 3 से 6 अगस्त चलने की उम्मीद है। सत्र के पहले दिन तीन अगस्त को शोक प्रस्ताव रखा जाएगा। इसमें आजमगढ़ की निजामाबाद सीट से सपा विधायक आलमबदी का निधन पर शोक जताने के बाद सदन स्थगित हो जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दूबे ने सत्र का कार्यक्रम जारी किया है। माना जा रहा है कि विधान सभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश सरकार इस बार के अनुपूरक बजट में कुछ लोकलुभावन और कुछ नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है। चार को अगस्त को अनूपुरक बजट पेश करने के बाद पांच अगस्त को विधायी कार्य और अन्य कार्य निपटाए जाएंगे। वहीं, छह अगस्त को अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद सरकार इसे पास कराएगी। इससे पहले योगी सरकार वर्ष 2026-27 का मूल बजट नौ लाख 12 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का पास करा चुकी है। सरकार पिछले सत्र के बाद से अब तक नौ अध्यादेश ला चुकी है। इनमें उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय द्वितीय अध्यादेश, उत्तर प्रदेश दंड विधि (अपराधों का शमन और विचारण का उपशमन) (संशोधन) द्वितीय अध्यादेश, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश शामिल हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पटियाली में 75 शिकायतें प्राप्त, 05 का मौके पर हुआ निस्तारण

मोर्निंग सिटी



**कासगंज।** तहसील पटियाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से जनसामान्य की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, स्वास्थ्य, विद्युत, नगर निकाय तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने 15 मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया जाए तथा अनावश्यक विलंब न होने पाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परियोजना निदेशक, सीओ, ईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विषाक्त से महिला की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल में भर्ती

मोर्निंग सिटी

**कासगंज।** थाना अमांपुर क्षेत्र के एक गांव की महिला की विषाक्त से तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए अमांपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में महिला का उपचार जारी है। एक गांव निवासी 21 वर्षीय रत्नेश पत्नी देवेंद्र को अमांपुरा स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किए जाने के बाद परिजन जिला अस्पताल लेकर आए। यहां महिला के पति देवेंद्र ने बताया कि उससे उसकी पत्नी की कहासुनी हो गई थी, इसके बाद रत्नेश ने यह कदम उठा लिया। चिकित्सकों ने महिला को भर्ती करके उपचार शुरू कर दिया है।

## किशोर समेत दो लोगों को सांप ने डसा

मोर्निंग सिटी

**कासगंज।** जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से किशोर समेत दो लोगों को सर्पदंश का शिकार होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार जारी है। थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव प्रीतम नगर 15 वर्षीय दिलीप पुत्र भूरेलाल को शनिवार सुबह खेत पर सांप ने बाएं पैर के पंजे में दंश मार दिया। वह रोता हुआ घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद परिजन एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लकर आए। अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव रानामऊ में 30 वर्षीय मोहन पुत्र लालाराम को सांप ने डस लिया। परिजनों ने उसे भी जिला अस्पताल भर्ती कराया है। जहां दोनों का उपचार जारी है।

## दहेज हत्या के मामले में वांछित गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी

**कासगंज।** ढोलना थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। ढोलना इंस्पेक्टर अवधेश भदौरिया ने बताया कि थाना में दर्ज दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित चल रहे आरोपी जुगेन्द्र पुत्र रामपाल सिंह निवासी नगला देवी घिनोना थाना ढोलना को उसके घर से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

## पटियाली में ग्रामोद्योग विभाग का जागरूकता शिविर आयोजित

मोर्निंग सिटी

**कासगंज।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, संदीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया आजएक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, तहसील पटियाली परिसर मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार, द्वारा मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, मुख्य मंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यकम पुरस्कार योजना के साथ-साथ विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी। जागरूकता कार्यक्रम में दुर्गेश कुमार उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र कासगंज द्वारा भी अपना मन्तव्य व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में अतिथि श्री दुर्गेश कुमार द्वारा विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना रहा।

# कांवड़ यात्रा की भीड़ के चलते रानी अवंतीबाई लोधी की शोभायात्रा 18 अगस्त को निकलेगी

मोर्निंग सिटी




**कासगंज।** बिलराम गेट स्थित एसएनएस पैलेस में शनिवार को अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जयंती समारोह समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. प्रेमकुमार वर्मा ने की। बैठक में रानी अवंतीबाई लोधी जयंती समारोह के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में अखिल भारतीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष मुनेश राजपूत ने कहा कि इस वर्ष 16 अगस्त को श्रावण मास के कारण कांवड़ यात्रा का अत्यधिक दबाव रहेगा। रविवार होने से श्रद्धालुओं की संख्या भी अधिक रहने की संभावना है। ऐसे में शोभायात्रा निकालने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है तथा प्रशासन और आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इस पर एडवोकेट सुनेन्द्र पाल सिंह ने भी अपने विचार रखे। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रानी अवंतीबाई लोधी की शोभायात्रा अब 16 अगस्त के स्थान पर 18 अगस्त 2026 को निकाली जाएगी। वहीं 16 अगस्त को मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में एडवोकेट मुनेन्द्र पाल सिंह, पूर्व प्रवक्ता जयसिंह वर्मा, ब्लॉक प्रमुख यशवीर सिंह, अमर सिंह राणा, अनार सिंह वर्मा, इंजी. टीपी सिंह, लक्ष्य जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र लोधी, आर.सी. वर्मा, संजय राजपूत, नवाब सिंह लोधी, प्रदीप राजपूत, सतीश वर्मा, नरेन्द्र मगन, आशुतोष लोधी, एडवोकेट उमेश लोधी, ओमकार सिंह प्रधान, आदर्श राजपूत, मनोज लोधी, अनिल कुमार लोधी, विनीत राजपूत, सोनू राजपूत, अखिलेश प्रताप सिंह, अजय राजपूत, मोहित राजपूत, डॉ. राज वर्मा, गोकुल प्रसाद राजपूत, हृदेश राजपूत सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर भी चर्चा की गई।

# आटा चक्की पर सफाई के दौरान करंट की चपेट में आए संचालक की मौत

मोर्निंग सिटी



**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला उम्मेद में शनिवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। आटा चक्की की सफाई के दौरान करंट की चपेट में आने से आटा चक्की संचालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार नगला उम्मेद निवासी 45 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र किशन लाल शनिवार सुबह रोजाना की तरह अपनी आटा चक्की की साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान पास में चल रहे पंखे को हटाकर दूसरी ओर रखने का प्रयास किया। जैसे ही उन्होंने पंखे को हाथ लगाया, उसमें उतर रहे करंट की चपेट में आ गए। उनकी चीख



सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें करंट से अलग किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अयोध्याः चढ़ावा चोरी के विवाद के बाद फिर से बढ़ने लगी है भक्तों की संख्या

अयोध्या

सावन माह में रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि सुगम (वीआईपी) दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पास की एडवांस बुकिंग तेजी से हो रही है। वर्तमान में ऑनलाइन बुकिंग के सभी उपलब्ध स्लॉट 16 अगस्त तक भर चुके हैं और अब श्रद्धालुओं को 17 अगस्त से आगे की तिथि के लिए ही ऑनलाइन पास मिल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुगम दर्शन, विशिष्ट दर्शन और आरती पास की ऑनलाइन व ऑफलाइन व्यवस्था संचालित करता है। प्रतिदिन सीमित संख्या में ऑनलाइन पास जारी किए जाते हैं, जबकि ऑफलाइन पास अधिकृत संस्तुति के आधार पर उपलब्ध कराए जाते हैं। दर्शन के लिए अलग-अलग समय के स्लॉट निर्धारित किए गए हैं ताकि मंदिर परिसर में भीड़ का बेहतर प्रबंधन किया जा सके। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान एक पास पर अधिकतम आठ श्रद्धालुओं को प्रवेश की अनुमति मिलती है। सभी श्रद्धालुओं के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है और निर्धारित समय से पहले तय प्रवेश द्वार पर पहुंचना होता है। यह पूरी व्यवस्था पूरी तरह निशुल्क है। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को आगाह किया है कि केवल अधिकृत माध्यमों से ही पास प्राप्त करें। किसी होटल, धर्मशाला, ट्रैवल एजेंट या गाइड की ओर से उपलब्ध कराया गया पास फर्जी हो सकता है। ऑनलाइन पास केवल ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। राम मंदिर प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से रात 9:00 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है, जबकि रामलला की विभिन्न आरतियां निर्धारित समय पर संपन्न होती हैं।

# गुरु रविदास जयंती पर कलश वंदन यात्रा को सफल बनाने की तैयारी तेज

## भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक, 21 अगस्त तक सभी मंडलों में भ्रमण करेगी यात्रा

मोर्निंग सिटी




**कासगंज।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही कलश वंदन यात्रा को सफल बनाने के लिए शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा के मंडलवार भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी कार्यकताओं से यात्रा के भव्य स्वागत एवं सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि पार्टी की ओर से निकाली जा रही संत गुरु रविदास महाराज की कलश वंदन यात्रा 31 जुलाई को जनपद में पहुंच चुकी है। यह यात्रा 21 अगस्त तक जिले के प्रत्येक मंडल में भ्रमण करेगी। इस दौरान सभी मंडलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई।

कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष केपी सिंह ने कहा कि जनपद के प्रत्येक मंडल में कलश वंदन यात्रा का भव्य स्वागत एवं पूजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में गौरी शंकर शर्मा, नवल कुलश्रेष्ठ, डॉ. बीडी राना, महेंद्र बघेल, संजय सोलंकी, शरद गुप्ता, डॉ. मनोज शर्मा, रविंद्र ब्रह्मचारी, सचिन गुप्ता, समर सिंह, कृष्णकांत वशिष्ठ, मनोज मधुवन, संजय पुंढीर, अवधेश दुबे, आदित्य कांकोरिया, मोहर सिंह, मनोज चैहान, सुमित कुमार, डीएस लोधी, दीपक ठाकुर, अजय शर्मा तथा मुन्नालाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मोर्निंग सिटी

**माती (कानपुर देहात)** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, कानपुर देहात में एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की माननीय राज्यमंत्री (बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग) श्रीमती प्रतिभा शुक्ला उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्रा, प्रदीप पाण्डेय उर्फ बउवा पाण्डेय, अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप वर्मा, आरसेटी निदेशक मयंक कटियार, एडीओ एजी प्रवीण सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार अग्निहोत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा माटीकला उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विभिन्न स्टालों का अवलोकन करने के उपरांत दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने माटीकला क्षेत्र से जुड़े कारीगरों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों के आर्थिक सशक्तिकरण तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री जी ने माटीकला क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं आंकड़ा संग्रहण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कारीगरों रामलखन प्रजापति, रामचन्द्र प्रजापति, सुरेखा देवी, कौशल कुमार, गंगाराम प्रजापति तथा धर्मेन्द्र प्रजापति को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार अग्निहोत्री ने उपस्थित कारीगरों एवं जनसामान्य को उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने माटीकला टूलकिट योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण योजना तथा माटीकला माइक्रो कॉमन फैसिलिटी सेंटर योजना के उद्देश्य, पात्रता एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया तथा अधिक से अधिक कारीगरों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में फाइन आर्ट विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रतिनिधियों द्वारा भी माटीकला बोर्ड की योजनाओं एवं मिट्टी से निर्मित विविध उत्पादों की उपयोगिता, विपणन संभावनाओं तथा आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी साझा की गई। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई माटीकला विषयक प्रेरणादायी फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक देखा। कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक श्रीमती अंकिता, अनुदेशक चर्म राकेश कुमार, मनीष कुमार, शिवेंद्र सिंह, निखिल मिश्रा, पंकज, शिवम शुक्ला, दीपक कुमार सहित जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, ग्रामवासी, माटीकला कारीगर एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य माटीकला से जुड़े कारीगरों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण एवं संसाधनों से जोड़ना तथा पारंपरिक माटीकला उद्योग को नई पहचान एवं प्रोत्साहन प्रदान करना रहा। उपस्थित कारीगरों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए सरकार की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



# दो कांवड़ियों की मौत: जनवरी में होनी थी शादी, दोस्त कर रहा था अग्निवीर की तैयारी

मोदीनगर/ मुरादनगर

यूपी के गाजियाबाद स्थित मोदीनगर के भोजपुर स्थित गांव शकूरपुर और मुरादनगर के गांव जलालाबाद निवासी कांवड़िये की हरिद्वार स्थित बहादराबाद में निमार्णाधीन फ्लाईओवर का गार्डर गिरने से मौत हो गई। कांवड़ियों की मौत की सूचना से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दोनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के बाद परिजन और ग्रामीण घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

भोजपुर के गांव शकूरपुर निवासी मटरु कश्यप का 22 वर्षीय पुत्र कृष्ण कश्यप आईटीआई करने के बाद एक बिजली वर्कशॉप पर इंटर्नशिप कर रहा था। परिजनों ने बताया कि कृष्ण की मुरादनगर के गांव जलालाबाद निवासी 21 वर्षीय तनुज से गहरी दोस्ती थी। कृष्ण बीती 28 जुलाई को दोस्त तनुज और अपने गांव शकूरपुर निवासी अमन और चमन व पड़ोसी गांव बखरवा निवासी प्रशांत आदि के साथ कांवड़ लेने हरिद्वार गया था। परिजनों ने शिवभक्तों के दल को ढोल की थाप पर रवाना किया था। हरिद्वार दर्शन करने के बाद सभी ने शनिवार सुबह हर की पौड़ी से कांवड़ उठाई। बताया कि वह सभी शनिवार दोपहर करीब दो बजे हरिद्वार से बाहर बहादराबाद स्थित गांव बड़ेडी राजपूतान में निमार्णाधीन फ्लाईओवर के नीचे आराम करने लगे। इसी दौरान निमार्णाधीन फ्लाईओवर का लोहे का भारी भरकम गार्डर कांवड़ियों पर गिर गया। मौके पर चीख पुकार मच गई। गार्डर की चपेट में आकर कृष्ण कश्यप निवासी शकूरपुर व तनुज कुमार निवासी गांव जलालाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने दोनों कांवड़ियों को मृत घोषित कर दिया।



मोदीनगर के भोजपुर स्थित गांव शकूरपुर निवासी कृष्ण और मुरादनगर के गांव जलालाबाद निवासी तनुज गहरे दोस्त थे। बताया कि दोनों लगभग पांच साल से एक साथ कांवड़ ला रहे थे। कृष्ण आईटीआई करने के बाद बिजली की एक वर्कशॉप पर इंटर्नशिप कर रहा था। पिता मटरू ने बताया कि कृष्ण का रिश्ता पक्का हो गया था और जनवरी में उसकी शादी होनी थी। मगर मौत से शादी से पहले कृष्ण पर झपटा मारा और परिवार की खुशियां छीन ली। घटना से गांव में मातम छा गया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव जलालाबाद निवासी तनुज इंटरमीडिएट करने के बाद अग्निवीर और अन्य सैन्य बलों की तैयारी कर रहा था। तनुज की मौत की सूचना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## हाईवे पर मछली वाहनों से की जा रही अवैध वसूली,पुलिस कार्यवाही का इंतजार



मोर्निंग सिटी

**सिकंदरा (कानपुर देहात)** थाना सिकंदरा क्षेत्र में मछली लदे वाहनों से कुछ तथा कथित पत्रकारों द्वारा हाइवे या सम्पर्क मार्गों पर गाड़िया रंगबाजी से रोककर अवैध वसूली की जा रही है। जिस पर पुलिस मौन है। यही वजह है देश का चौथा स्तंभ आम जनता के बीच बदनाम हो रहा है। समय समय पर आवाज उठती रही है कि ऐसे तथा कथित पत्रकारों पर कार्रवाई हो लेकिन फिर भी पुलिस प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। बताते चले औरैया जनपद के बीजलपुर से पिकप लोडर नम्बर यूपी 78 एफ टी 7543 को सिकंदरा थाना क्षेत्र के मूड़ादेव हाइवे पर तथा कथित पत्रकारों बाइकों को पिकप के आगे पुलिस की तरह लगाकर रोक लिया फिर पिकप चालक से रंगबाजी करते हुए उससे अवैध वसूली की गयी। ऐसे ही तथा कथित पत्रकारों के रवैए को देखकर आमजनता का भरोसा देश के चौथे स्तंभ से उठता जा रहा है और पत्रकार बदनाम हो रहे हैं। जबकि पूर्व में भी सिकंदरा और मानपुर के बीच हाइवे पर वाहन से अवैध वसूली की जा चुकी है। अब सवाल यह उठ रहा है कि ऐसे तथा कथित पत्रकारों पर पुलिस प्रशासन कार्रवाई क्यो नही कर रहा है।

## सिकंदरा के जगन्नाथपुर में किसान की गाटा संख्या 19 की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

मोर्निंग सिटी



**सिकंदरा (कानपुर देहात)** उपजिलाधिकारी ऊषा सिंह के निर्देश पर राजस्व और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कराई कार्रवाई।

कानपुर देहात जनपद में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। सिकंदरा तहसील क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में एक किसान की भूमि से कूड़ा कचड़ा,अपशिष्ट पदार्थ हटाकर अतिक्रमणमुक्त कराया गया।यह कार्यवाही किसान बृजेंद्र कुमार की शिकायत के बाद हुई। उन्होंने उपजिलाधिकारी ऊषा सिंह को लिखित शिकायत देकर बताया था कि मौजा जगन्नाथपुर स्थित गाटा संख्या 19 पर कुछ स्थानीय लोग कूड़ा,कचड़ा,घूरा तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थ डालकर अवैध कब्जे का प्रयास कर रहे हैं '

शिकायत मिलते ही एसडीएम ऊषा सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए।एसडीएम के निर्देश पर राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पहुंची।जांच में शिकायत सही जाने पर बुधवार को किसान की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जा या निर्माण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यदि भविष्य में दोबारा कब्जे का प्रयास किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ राजस्व और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।इस कार्यवाही के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि सरकारी या अन्य किसी प्रकार की भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का अभियान जारी रहेगा।

## 23 साल बाद सावन के सोमवार पर नागपंचमी का महासंयोग,नाग पूजन और प्रदोष व्रत से होगा दुर्लभ आध्यात्मिक संगम

अयोध्या

इस बार सावन सिर्फ भगवान शिव की भक्ति का महीना नहीं, बल्कि दुर्लभ धार्मिक संयोगों का भी साक्षी बनने जा रहा है। पूरे श्रावण मास में कई शुभ योग बन रहे हैं, लेकिन सबसे विशेष संयोग 17 अगस्त को बनेगा, जब 23 वर्ष बाद सावन सोमवार और नागपंचमी एक ही दिन पड़ेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह महासंयोग शिव आराधना, नाग पूजन और कष्ट निवारण के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है। इसके साथ ही सावन में सोम प्रदोष, भौम प्रदोष, शिवरात्रि और हरियाली तीज जैसे प्रमुख पर्व भी श्रद्धालुओं की आस्था को और विशेष बनाएंगे। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के आचार्य डॉ. अश्विनी पांडेय और मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि बताती हैं कि सावन के दूसरे सोमवार, 10 अगस्त को सोम प्रदोष व्रत का भी दुर्लभ संयोग बन रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान शिव का व्रत, पूजन और अभिषेक करने से संतान सुख की प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है। वहीं पूरे सावन में एक समय भोजन कर भगवान शिव और श्रीहरि विष्णु का जल अथवा अन्य द्रव्यों से अभिषेक करने का विशेष महत्व बताया गया है। 25 अगस्त, मंगलवार को भौम प्रदोष व्रत रहेगा। शास्त्रों के अनुसार कर्ज या आर्थिक संकट से जूझ रहे लोगों के लिए यह व्रत विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन भगवान शिव और हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से आर्थिक बाधाएं दूर होने और धन संबंधी समस्याओं से राहत मिलने की मान्यता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार मेष, वृषभ, कर्क, सिंह, तुला और मीन राशि के जातकों के लिए यह सावन विशेष शुभ फल देने वाला रहेगा। इन राशियों के लोगों को कॅरिअर में उन्नति, आर्थिक स्थिरता और नए अवसर मिलने के प्रबल योग हैं। वहीं अन्य सभी राशियों के जातकों के लिए भी सावन सोमवार का व्रत और भगवान शिव की आराधना शुभ फलदायी मानी गई है। मान्यता है कि इससे रुके हुए कार्यों में गति आती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। सावन में चार सोमवार और चार मंगला गौरी व्रत पड़ेंगे।

## श्रावण मास/कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने कपालेश्वर महादेव मंदिर का किया निरीक्षण,सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मोर्निंग सिटी



**डेरापुर (कानपुर देहात)** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत शनिवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा थाना डेरापुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित श्री कपालेश्वर महादेव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही ड्यूटी हेतु पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण करते हुए आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समन्वित रूप से सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता के साथ अपने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी डेरापुर व क्षेत्राधिकारी डेरापुर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने सुनीं 43 शिकायतें,एक का मौके पर निस्तारण '

मोर्निंग सिटी



**सिकंदरा (कानपुर देहात)** जनपद के सिकंदरा तहसील में शनिवार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार ने जनसमस्याओं को सुना।इस अवसर पर कुल प्राप्त 42 शिकायतों में से 01 का निस्तारण मौके पर किया गया।शेष शिकायतों के लिए टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिए गए।सिकंदरा तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जहां पर अलग अलग विभागों से संबंधित कुल 43 शिकायतें दर्ज की गईं। सर्वाधिक 28 मामले जमीनी विवाद से संबंधित दर्ज किए गए।वहीं अन्य मामलों में पुलिस से संबंधित कुल 04,विकास की 05,जल निगम की 01 तथा अन्य मामलों से संबंधित 05 शिकायतें शामिल थीं।अपर जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर 01 का निस्तारण मौके पर कराया तथा शेष शिकायतों के लिए टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिए गए ' अपर जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों का अधिकारी कर्मचारी समय रहते मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बरदाश्त नहीं की जाएगी।प्राप्त शिकायतों का फीडबैक लिया जाएगा।इस मौके पर एसडीएम ऊषा सिंह,क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा,नायब तहसीलदार,थाना प्रभारी अमराहट महेश कुमार,चौकी प्रभारी राजपुर गुरेन्द्र प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कानपुर देहात में बाल श्रमिकों का होगा शैक्षिक पुनर्वासन, स्कूलों में मिलेगा दाखिला

मोर्निंग सिटी

**अकबरपुर (कानपुर देहात)** जनपद में बाल श्रम के दलदल से मुक्त कराए गए बच्चों को अब शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय की ओर से एक अत्यंत महत्वपूर्ण आधिकारिक आदेश जारी किया गया है।

इसके तहत चिह्नित बाल श्रमिकों का स्कूलों में दाखिला कराकर उनका शैक्षिक पुनर्वासन सुनिश्चित किया जाएगा। ऐसा एक आदेश खंड शिक्षा अधिकारी अकबरपुर व अमरौधा को जारी किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने विकासखंड में चिह्नित बाल एवं किशोर श्रमिकों से तालमेल बिठाना होगा।

इन सभी बच्चों का प्रवेश उनके सबसे नजदीकी विद्यालयों में कराया जाएगा। दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद 3 कार्य दिवस के भीतर प्रमाणपत्र और पूरी आख्या बीएसए कार्यालय को सौंपनी होगी। यह पूरी मुहिम मई 2026 में चलाए गए एक विशेष चेकिंग अभियान का परिणाम है। सहायक श्रमायुक्त, बाल संरक्षण अधिकारी और एएचटीयू की संयुक्त टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया था। इस दौरान खतरनाक श्रेणियों में काम कर रहे 13 बाल श्रमिकों को चिह्नित कर रेस्क्यू किया गया था। अब इन सभी बच्चों को कॉपियां-किताबें थमाकर उनके भविष्य को संवारने की तैयारी पूरी कर ली गई है।



## फैक्ट्री में चोरी के बाद वीएनयू कम्पनी की ओर से एसपी से न्याय की गुहार लगाई

मोर्निंग सिटी

**सट्टी (कानपुर देहात)** कानपुर देहात स्थित वीएनयू ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीस ने पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय को पत्र भेजकर चोरी की घटना में तत्काल प्राथमिकी (ऋक्ष्क्र) दर्ज करने एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कंपनी द्वारा भेजे गए पत्र के मुताबिक थाना सट्टी क्षेत्र के कुंवरपुर गाँव स्थित उनकी फैक्ट्री में 29 जुलाई 2026 की रात लगभग 2:30 बजे चोरी की घटना हुई। कंपनी का कहना है कि इससे पहले भी विभिन्न मामलों में थाना सट्टी को कई बार प्राथमिकी दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र दिए गए थे,लेकिन अब तक किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई।



पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के कारण क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। कंपनी ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। फिलहाल इस मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

जबकि पीड़ित को मामले में आगे की कार्रवाई का इंतजार है।

## फरार चल रहे बीस हजार के पुरस्कार घोषित अंतर्जनपदीय शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार




मोर्निंग सिटी

**रूरा (कानपुर देहात)** जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम, खुलासे, वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना रुरा पर पंजीकृत *मु0अ0स0 0036/23 धारा 174ए भादवि व मु0अ0सं0 464/2020 धारा 379/411 भादवि में अभियुक्त विजय राजपूत पुत्र राजेन्द्र बाबू निवासी झपटियापुर, थाना दिबियापुर, जनपद औरैया उम्र करीब 23 वर्ष की गिरफ्तारी न हो पाने के कारण पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय द्वारा अपराधी पर पुरस्कार की धनराशि 20,000 रुपये घोषित की गयी थी। जिसमें शनिवार को थाना रुरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए गैर जनपद औरैया से तलाश पतारसी सुरागरसी के दौरान के ग्राम डगराहा की तरफ जाने वाले मोड के पास मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 464/2020 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित में वांछित 20000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में की आत्महत्या,परिजनों में मचा कोहराम

मोर्निंग सिटी

**रसूलाबाद (कानपुर देहात)** जनपद के रसूलाबाद कस्बे के सुभाष नगर में शनिवार भोर पहर एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।मृतक की पहचान 34 वर्षीय अरुण सविता पुत्र जगदीश के रूप में हुई है।उन्होंने शनिवार सुबह करीब चार बजे अपने घर के बरामदे में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली '

अरुण अपने तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और घर पर ही बाल काटने की दुकान चलाते थे।अरुण की पत्नी ऊषा देवी गुरुवार को दवा लेने तिर्वा गईं थीं।जिसके बाद अपने मायके चंदा निवादा चली गईं।उनके साथ उनका सबसे छोटा बेटा अनुराग 5 वर्ष भी मौजूद था।शनिवार सुबह परिजनों ने फोन पर अरुण की मौत की सूचना दी।घर पर उनके दो बेटे नंदलाल और माखन मौजूद थे।सुबह करीब चार बजे नंदलाल ने अपने पिता का शव फंदे से लटका देखा तो शोर मचाया।



शोर सुनकर परिजन तथा आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।बच्चों ने अपनी मां और मामा को घटना की जानकारी दी।जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे।घटना की सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। कोतवाल शिवनारायन सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मामले की जांच की जा रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी '

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत रसूलाबाद क्षेत्र को मिली नई बस सेवा की सौगात

मोर्निंग सिटी

**रसूलाबाद (कानपुर देहात)** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी "मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026" के अंतर्गत जनपद कानपुर देहात के रसूलाबाद क्षेत्र के ग्रामीणों को सुगम एवं सुलभ यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। गुरुवार को रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूनम संखवार द्वारा बस सेवा का शुभारंभ कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।




इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रसूलाबाद अभिषेक कुमार तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम, माती डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुहम्मद अशरफ उपस्थित रहे। नई बस सेवा का संचालन मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। यह बस सेवा अजनपुर, ढकपुरवा, ब्राह्मणपुरवा, रजुपुरवा, उसरी, रसूलाबाद, मिण्डकुआ, गढ़वा, जिनही, महेरा, बिल्हौर, गाडूपुर, जानपुर, डगराहा, बनीपारा, रूरा, तिगाई, मुक्तापुर, नरिहा, अकबरपुर एवं माती सहित मार्ग के विभिन्न गांवों और कस्बों को जोड़ते हुए संचालित होगी। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों को आवागमन में विशेष सुविधा प्राप्त होगी।

बस सेवा का संचालन श्री सुबोध कुमार अवस्थी, पुत्र स्वर्गीय जगत नारायण अवस्थी द्वारा किया जाएगा। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना तथा लोगों को कम किराये पर सुरक्षित एवं सुगम यात्रा की सुविधा प्रदान करना है।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, माती डिपो ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत संचालित यह बस सेवा जनहित को ध्यान में रखते हुए परिवहन निगम की सामान्य बस सेवाओं की अपेक्षा कम किराये पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अधिक लाभ प्राप्त होगा।

इस नई बस सेवा के संचालन से क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही यातायात संबंधी समस्या का समाधान होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

# गुरु पूर्णिमा/मुड़िया मेला-2026 का सफल समापन: 3.49 लाख यात्रियों ने की रेल यात्रा, उत्कृष्ट प्रबंधन से बना सुरक्षा और सेवा का नया रिकॉर्ड

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल द्वारा 24 से 31 जुलाई 2026 तक आयोजित गुरु पूर्णिमा/मुड़िया मेला-2026 उत्कृष्ट सुरक्षा, बेहतर भीड़ प्रबंधन और यात्रियों को समर्पित सेवाओं के साथ सकुशल संपन्न हो गया। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के मार्गदर्शन में रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने समन्वित प्रयासों से लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराई।




श्रद्धालुओं की लगातार बनी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने विशेष मेला व्यवस्थाएं 2 अगस्त 2026 तक जारी रखने का निर्णय लिया है। मेला अवधि के दौरान मथुरा जंक्शन से 3,17,664 यात्रियों ने रेल यात्रा की, जिससे रेलवे को ?3.16 करोड़ से अधिक का यात्री राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं स्टेशन पर 8,14,158 श्रद्धालुओं और यात्रियों का फुटफॉल दर्ज किया गया। दूसरी ओर गोवर्धन रेलवे स्टेशन से 31,592 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे 12.25 लाख से अधिक का राजस्व अर्जित हुआ तथा 65,744 यात्रियों का फुटफॉल रिकॉर्ड किया गया। मेले के सफल संचालन के लिए मथुरा जंक्शन पर 247 कंट्रोल रूम संचालित किया गया, जहां प्रतिदिन जेएजी स्तर के अधिकारी तैनात रहे। गोवर्धन स्टेशन पर भी जूनियर स्केल अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। मंडल कार्यालय, आगरा में स्थापित वॉर रूम से पूरे मेले की चौबीसों घंटे मॉनिटरिंग, समन्वय और त्वरित निर्णय सुनिश्चित किए गए। यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए 350 रेल सुरक्षा बल कर्मियों, 90 वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, 90 टिकट चेकिंग स्टाफ तथा 85 भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्वयंसेवकों की शिफ्टवार तैनाती की गई। मथुरा जंक्शन और गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर करीब 280 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए दोनों स्टेशनों पर विशेष होल्डिंग एरिया भी बनाए गए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिदिन करीब 20 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया।

इसके अलावा 4 ट्रेनों का अस्थायी ठहराव, 5 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी विस्तार तथा आवश्यकता पड़ने पर ट्रेन ऑन डिमांड चलाने की व्यवस्था भी रखी गई। टिकट वितरण को आसान बनाने के लिए मथुरा जंक्शन पर 21 अतिरिक्त टिकट खिड़कियां और गोवर्धन स्टेशन पर 4 अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए। साथ ही M-UTS प्रणाली के जरिए भी टिकट उपलब्ध कराए गए, जिससे यात्रियों को लंबी कतारों से राहत मिली। रेलवे प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए खोया-पाया केंद्र, हेल्प डेस्क, चिकित्सा सहायता बूथ, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराईं।

चिकित्सा, इंजीनियरिंग, विद्युत, सिग्नल एवं दूरसंचार सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी पूरे मेले के दौरान 247 अलर्ट मोड पर तैनात रहे। आगरा मंडल रेल प्रशासन ने गुरु पूर्णिमा/मुड़िया मेला-2026 के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी विभागों, आरपीएफ, जीआरपी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, स्वयंसेवकों तथा रेलकर्मियों की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं और यात्रियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। रेलवे ने भविष्य में भी सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाली रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## ताजमहल पर बिछड़ा परिवार 30 मिनट में मिला: ताज सुरक्षा पुलिस ने महिला और दो मासूम बच्चों को सकुशल परिजनों से मिलाया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** ताजमहल घूमने आए गाजियाबाद के एक पर्यटक परिवार के लिए उस समय चिंता की स्थिति पैदा हो गई, जब भीड़ के बीच एक महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ परिजनों से बिछड़ गई। ताज सुरक्षा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 30 मिनट में महिला और दोनों मासूम बच्चों को सकुशल खोजकर उनके परिजनों से मिला दिया। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद निवासी आदिल अपने परिवार के साथ ताजमहल घूमने आए थे। दोपहर करीब 12 बजे ताजमहल के पश्चिमी गेट से बाहर निकलकर पश्चिम पार्किंग की ओर जाते समय उनकी पत्नी तरन्नुम तथा उनके दो बच्चे जोया (4 वर्ष) और असलम (3 वर्ष) भीड़ में बिछड़ गए। काफी तलाश के बाद भी जब उनका पता नहीं चला तो आदिल ने पश्चिमी गेट पर तैनात ताज सुरक्षा पुलिस से मदद मांगी।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलकराम भाटी के निर्देशन में उप निरीक्षक शिवराज सिंह ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, रेडियो अनाउंसमेंट और आरटी सेट संदेश के माध्यम से खोज अभियान चलाया और मात्र 30 मिनट के भीतर महिला और दोनों बच्चों को सकुशल ढूंढ़कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने ताज सुरक्षा पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, उप निरीक्षक सुभाष चंद्र, उप निरीक्षक आशना बी, मुख्य आरक्षी किरनपाल, आरक्षी दुर्गेश कुमार एवं महिला आरक्षी गुड्डी देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आगरा पुलिस की इस पहल ने एक बार फिर पर्यटकों के बीच सुरक्षा और विश्वास का संदेश मजबूत किया।

## दिवानी न्यायालय परिसर में हरियाली का संकल्प: जनपद न्यायाधीश ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को दिवानी न्यायालय परिसर, आगरा में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के अध्यक्ष संजय कुमार मलिक तथा प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्रीमती तृप्ता चौधरी ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश श्री संजय कुमार मलिक ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन और पर्यावरण के संतुलन का आधार हैं। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने वृक्षारोपण को जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में अपर जिला जज अमरजीत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शारिब अली सहित जनपद न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिकाधिक वृक्ष लगाने और लगाए गए पौधों के नियमित संरक्षण का संकल्प लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के सचिव पंकज कुमार-क ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को हरित भविष्य के लिए प्रेरित करना है।

## 600 सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को मिली बड़ी राहत, आगरा मंडल का विशेष UMID/HRMS कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए आयोजित विशेष UMID/HRMS कैंप का 31 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक समापन हो गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री गगन गोयल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरुण सिंह तोमर के निर्देशन में यह शिविर 23 से 31 जुलाई 2026 तक उत्तर मध्य रेलवे संस्थान, आगरा छावनी में आयोजित किया गया।

इस विशेष शिविर में करीब 600 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। कार्मिक विभाग की टीम ने कर्मचारियों के UMID कार्ड, HRMS प्रोफाइल, लॉगिन, पेंशन एवं अन्य सेवा संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

रेलवे प्रशासन के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की शिकायतों का त्वरित, सरल और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं मिल सकें। शिविर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों का उत्साहजनक सहयोग मिला। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अपनी लंबित समस्याओं का समाधान कराया और रेलवे प्रशासन की इस जनहितकारी पहल की सराहना की। आगरा मंडल ने विश्वास दिलाया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण तथा उन्हें बेहतर, सरल और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष शिविर और जनहितकारी प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

## ताजमहल पर बिछड़ा 6 वर्षीय मासूम 30 मिनट में मिला: ताज सुरक्षा पुलिस की तत्परता से परिवार में लौटी मुस्कान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** ताजमहल घूमने आए फिरोजाबाद के एक परिवार के लिए उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब उनका 6 वर्षीय बेटा भीड़ के बीच परिजनों से बिछड़ गया। ताज सुरक्षा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 30 मिनट के भीतर मासूम को उसके माता-पिता से सकुशल मिलाकर परिवार की खुशियां लौटा दीं। जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद निवासी श्यामसुंदर अपने परिवार के साथ ताजमहल देखने आए थे। दोपहर करीब 2 बजे पश्चिमी प्रवेश द्वार के पास उनका 6 वर्षीय पुत्र निशांत कुमार भीड़ में परिजनों से बिछड़ गया। बच्चा रोते हुए नीम तिराहा बैरियर की ओर जा रहा था, तभी वहां ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक शिवराज सिंह की नजर उस पर पड़ी। उप निरीक्षक शिवराज सिंह ने बच्चे को अपने पास बुलाकर शांत कराया और उससे जानकारी लेने का प्रयास किया। बच्चा इतना ही बता सका कि वह अपने माता-पिता से बिछड़ गया है। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक तिलकराम भाटी के निर्देशन में ताज सुरक्षा पुलिस ने तत्काल खोज अभियान शुरू किया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, रेडियो अनाउंसमेंट और आरटी सेट संदेशों की मदद से बच्चे के परिजनों की तलाश की और करीब 30 मिनट के भीतर उसके माता-पिता को खोजकर मासूम को उनके सुपुर्द कर दिया। अपने बेटे को सकुशल पाकर बच्चे की मां भावुक होकर रो पड़ी, जबकि पिता ने ताज सुरक्षा पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आगरा पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, उप निरीक्षक आशना बी, मुख्य आरक्षी किरन पाल सिंह, आरक्षी दुर्गेश कुमार एवं महिला आरक्षी गुड्डी देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ताज सुरक्षा पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई एक बार फिर पर्यटकों की सुरक्षा और विश्वास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# आगरा मूव्स बेटर-2026' अभियान का शुभारम्भ, स्वस्थ शहर बनाने का संकल्प

मोर्निंग सिटी संवाददाता







**आगरा।** आगरा ऑथोपेंडिक सोसायटी की ओर से शनिवार को लेमन ट्री होटल, खंदारी में आयोजित विशेष बैठक के दौरान शहरव्यापी जन-स्वास्थ्य अभियान 'आगरा मूव्स बेटर-2026' का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अभियान के आधिकारिक पोस्टर का भी लोकार्पण किया गया।

अभियान का उद्देश्य हड्डियों, जोड़ों, मांसपेशियों और रीढ़ से जुड़ी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक कर उन्हें स्वस्थ, सक्रिय और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में अडर अध्यक्ष डॉ. अतुल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही किसी भी विकसित और प्रगतिशील शहर की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। वहीं अडर सचिव डॉ. संजय चतुवेर्दी ने अभियान की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह केवल स्वास्थ्य शिविरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि चिकित्सा विशेषज्ञों, प्रशासन, पुलिस, सामाजिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, उद्योग जगत, मीडिया और आम नागरिकों की सहभागिता से इसे एक व्यापक जन-आंदोलन बनाया जाएगा। अभियान का मुख्य संदेश "Better Bones • Better Life • Better Agra" और" One City • One Movement • One Community" रखा गया है। अभियान के तहत अगस्त माह में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों, कार्यालय एवं औद्योगिक कर्मचारियों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न आवासीय कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर और विशेषज्ञ परामर्श आयोजित किए जाएंगे। परियोजना चेयरमैन डॉ. डी. वी. शर्मा के मार्गदर्शन में ऑथोपेंडिक विशेषज्ञ हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं की रोकथाम, समय पर पहचान, सही व्यायाम, पोषण और वैज्ञानिक उपचार को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। अभियान को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, आगरा पुलिस, लायंस क्लब्स इंटरनेशनल, उत्तर प्रदेश ऑथोपेंडिक एसोसिएशन और इंडियन ऑथोपेंडिक एसोसिएशन का सहयोग प्राप्त है। बैठक को लायन अजय भार्गव, अनुराग जैन, वत्सला प्रभाकर, डॉ. करण रावत, सुनील खेत्रपाल और राम कपूर सहित कई सामाजिक एवं चिकित्सा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने अभियान को शहर की आवश्यकता बताते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में रोटरी, सीनियर सिटीजन सोसायटी, शांति सेना, ट्रैफिक सपोर्ट टीम, मोटर स्पोर्ट्स क्लब, विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सामाजिक संगठनों तथा शहर के प्रमुख प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। अडर कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव वोहरा ने सभी सहयोगी संस्थाओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अभियान की पहली प्रमुख गतिविधि 2 अगस्त को पुलिस लाइन, आगरा में आयोजित होगी, जहां 'अस्थि एवं तंत्रिका स्वास्थ्य जांच शिविर' लगाया जाएगा। इसमें पुलिस परिवारों और महिला पुलिसकर्मियों के लिए BMD जांच, पैरों की स्पर्श-संवेदना जांच, चयनित लाभार्थियों की विटामिन-डी जांच तथा ऑस्टियोपोरोसिस, गठिया और तंत्रिका संबंधी समस्याओं पर निःशुल्क विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्यक्रम आगरा पुलिस की 'वामा सारथी' योजना के सहयोग से आयोजित होगा। अडर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर हड्डियों और जोड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें और 'आगरा मूव्स बेटर-2026' को एक सफल जन-आंदोलन बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## आगरा मंडल के टिकट चेकर का शानदार रिकॉर्ड, एक दिन में वसूले ?1.47 लाख का रेल राजस्व



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में कार्यरत एक टिकट जांच कर्मचारी ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए एक ही दिन में 1,47,800 का रेल राजस्व अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ईदगाह जंक्शन पर तैनात चल टिकट निरीक्षक (टीटीई) श्री पंकज सिंह ने 31 जुलाई 2026 को विभिन्न ट्रेनों में सघन टिकट जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान उन्होंने बिना टिकट एवं अनियमित रूप से यात्रा कर रहे 123 यात्रियों को नियमों के अनुसार प्रभारित किया, जिससे रेलवे को 1,47,800 का राजस्व प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर सीटीआई प्रभारी श्री इंदीवर मिश्रा ने कहा कि यह सफलता कर्मचारी की मेहनत, लगन और कर्तव्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई से न केवल रेलवे के राजस्व में वृद्धि होती है, बल्कि यात्रियों में नियमों के पालन के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। आगरा मंडल ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा रेलवे के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित रेल यात्रा में अपना सहयोग दें।

## ताजमहल पर विदेशी मेहमानों का भव्य स्वागत, 'अतिथि देवो भव:' की भावना से आगरा पुलिस ने जीता दिल



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ताजमहल के पश्चिमी प्रवेश द्वार पर विदेशी पर्यटकों को अब केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आतिथ्य और अपनत्व का भी विशेष अनुभव मिल रहा है। आगरा पुलिस ने 'ऑपरेशन टूरिस्ट डिलाइट' के तहत विदेशी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत कर 'अतिथि देवो भव:' और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार किया। पुलिस कमिश्नर आगरा के निर्देशन में थाना ताज सुरक्षा की क्विक रिस्पांस टीम ने ताजमहल का दीदार करने पहुंचे अमेरिका, रूस, स्वीडन, फ्रांस, ब्रिटेन सहित कई देशों के पर्यटकों का भारतीय परंपरा के अनुरूप स्वागत किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पर्यटकों की हरसंभव सहायता करते हुए उनसे मित्रवत संवाद स्थापित किया और उनकी ताजमहल यात्रा को यादगार बनाने का प्रयास किया। विदेशी पर्यटकों ने आगरा पुलिस के सहयोग, व्यवहार और आतिथ्य की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस पहल ने न केवल पर्यटकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और मेहमाननवाजी की सकारात्मक छवि भी प्रस्तुत की। इस विशेष अभियान में उप निरीक्षक पंकज सिंह पटेल, आरक्षी आशु एवं महिला आरक्षी सुलेखा ने सक्रिय भूमिका निभाई। आगरा पुलिस की यह पहल देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के बीच सकारात्मक संदेश देने के साथ पर्यटन को और अधिक आकर्षक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## आगरा में बनेगा छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक, यूपी-महाराष्ट्र सरकारें मिलकर करेंगी निर्माण




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** ताजमहल की नगरी आगरा को जल्द ही एक और ऐतिहासिक पहचान मिलने जा रही है। आगरा के ऐतिहासिक मीना बाजार की कोठी पर छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार संयुक्त रूप से साकार करेंगी। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं आगरा दक्षिण से विधायक योगेंद्र उपाध्याय ने मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर स्मारक निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इतिहासकारों के शोध के अनुसार मीना बाजार की कोठी वही ऐतिहासिक स्थान है, जहां मुगल शासक औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज को नजरबंद रखा था और जहां से उन्होंने अपनी सूझबूझ और अदम्य साहस का परिचय देते हुए सुरक्षित निकलकर इतिहास रच दिया था। उन्होंने बताया कि इस स्मारक के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अधिग्रहण पूरा होते ही निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा। बैठक में योगेंद्र उपाध्याय ने प्रस्ताव रखा कि ऐसा भव्य स्मारक विकसित किया जाए, जिससे आगरा आने वाले देश-विदेश के पर्यटक ताजमहल के साथ-साथ छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वाभिमान की गाथा से भी परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस पहल की सराहना करते हुए महाराष्ट्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। बताया गया कि दोनों राज्यों के संस्कृति विभागों की संयुक्त टीम जल्द ही आगरा पहुंचकर स्मारक की रूपरेखा और डिजाइन पर मंथन करेगी। इस परियोजना को भारतीय इतिहास, वीरता और सांस्कृतिक गौरव का नया प्रतीक माना जा रहा है।

## 4 अगस्त को आगरा में लगेगी महिला जनसुनवाई, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान सुनेंगी पीड़ित महिलाओं की शिकायतें

मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण और पीड़ित महिलाओं को जल्द न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान 4 अगस्त को आगरा दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह सुबह 11 बजे नवीन सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी और विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा भी करेंगी। महिला आयोग की अध्यक्ष की मौजूदगी में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा। महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, पारिवारिक विवाद समेत अन्य मामलों पर संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर ही सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक कल्याण, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पंचायती राज, कौशल विकास, परिवहन तथा मातृ-शिशु एवं परिवार कल्याण विभागों द्वारा संचालित महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा बैठक भी आयोजित होगी। बैठक में पुलिस आयुक्त अथवा उनके नामित वरिष्ठ अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, संबंधित क्षेत्राधिकारी तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। महिला उत्पीड़न से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की जाएगी और जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का यथासंभव मौके पर निस्तारण कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने जनपद की पीड़ित महिलाओं से अपील की है कि वे 4 अगस्त को सुबह 11 बजे नवीन सर्किट हाउस सभागार पहुंचकर अपनी शिकायत सीधे राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के समक्ष रखें और इस जनसुनवाई का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



स्वामी मोर्निंग सिटी मल्टीमीडिया प्रा.लि. मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), पुरराज प्रिंट एंड पैकिंग प्रा. लि., ई - 19 सेक्टर 6 नोएडा , गौतमबुद्धनगर से छपवाकर शॉप न. - 307 , 308 एल्फा - 1 नीलकंठ प्लाजा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949) (समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-morningcityinput@gmail.com।